

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 4 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-097 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बाथरूम में गिरकर बेहोश हुए टीएमसी नेता मुकुल रॉय

**कोलकाता, 4 जुलाई** । पूर्व रेलवे मंत्री मुकुल रॉय अपने घर के बाथरूम में गिरकर बेहोश गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कल शाम को बाथरूम में गिरने के कारण उनके सिर में चोट लगी। फिलहाल उनकी हालत कुछ हद तक स्थिर लेकिन गंभीर है। अस्पताल के अधिकारियों ने 24 घंटे उनकी देखभाल के लिए डॉक्टरों की एक टीम का गठन किया है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय न्यूरोलॉजिकल परेशानियों से पीड़ित हैं। उन्हें होश खोने से पहले उल्टी भी हुई। अधिकारी ने बताया कि उनका मेडिकल परीक्षण किया गया और फिलहाल रिपोर्ट का इंतजार है। मुकुल रॉय के बेटे ने कहा, घर के बाथरूम में बाबा गिर गए। उनके सिर में चोट लगी। उन्होंने उल्टी की और फिर होश खो दिया। हम उन्हें अस्पताल ले गए। टीएमसी के संस्थापक सदस्यों में से एक मुकुल रॉय डिमेंशिया से पीड़ित हैं। वह 2017 में भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनाव में उत्तर कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। हालांकि, इसके बाद वह टीएमसी में वापस शामिल हो गए।

### मोदी ने राज्य सभा में छग के शराब घोटाले का किया जिक्र

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में की चर्चा राज्यसभा तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए बुधवार को इसका जिक्र किया। मोदी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री के साथ शराब घोटाला जुड़ा।उन्होंने कहा कि, यही आप पार्टी वाले तब चीख-चीख कर कहते थे कि ईडी, सीबीआई लगा दो। इस मुख्यमंत्री को जेल में डाल दो। तब इन्हें ईडी बहुत प्यारा लगता था। ये आज जो लोग जांच एजेंसियों को बदनाम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले पर एक साल पहले आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को घेरा था। तब पार्टी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कोमल हूपेंडी ने कहा था कि, प्रदेश में 2 हजार करोड़ का नहीं, बल्कि 9 हजार करोड़ से अधिक का शराब घोटाला हुआ है। हूपेंडी ने दस्तावेजों के साथ महासमुंद जिले का उदाहरण भी दिया।इस मामले को लेकर पार्टी के सह सचिव अभिषेक जैन ने 2 जुलाई 2020 को कलेक्टर महासमुंद से शिकायत की थी। इसमें बताया गया कि जिले के सरकारी शराब दुकानों में अवैध रूप से बिना परमिट के डुप्लीकेट सरकारी हॉलमार्किंग वाली शराब उत्पादक से सीधे शराब दुकानों में खाली होती है और बिना स्कैनिंग के उसे बेचा जाता है! तीन साल तक हर महीने 400 ट्रक अवैध शराब बेची!इन दुकानों पर गैंग के कर्मचारी रहते थे। जो अवैध शराब को असली शराब के साथ बेच देते। इसका पैसा अलग से इकट्ठा करते। अवैध शराब से आया पैसा गैंग सदस्य अलग से कलेक्ट करते। इसके बाद पैसे को बड़े अधिकारियों के पास पहुंचाया जाता। गैंग में शामिल सभी सदस्यों का कमीशन फिक्स था। 2019 से 2022 तक हर महीने 400 ट्रक की अवैध शराब की सप्लाई की गई।

### शिक्षक की मांग,विद्यार्थियों ने लगाया स्कूल में ताला

**महासमुंद,4 जुलाई।** शिक्षक की कमी से जूझ रहे शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूवाही के छात्रों ने पालकों के साथ स्कूल में गुरुवार सुबह ताला जड़ दिया. छात्रों की केवल एक ही मांग है कि उन्हें पढ़ाने के लिए स्कूल में शिक्षक नियुक्त किए जाएं. पालकों ने बताया कि स्कूल में पहली से पांचवीं संचालित हैं, जिसमें करीब 60 बच्चे अध्ययनरत हैं. लेकिन इनको पढ़ाने के लिए डेढ साल से मात्र एक शिक्षक है. बच्चों की पढ़ाई को हो रही नुकसान को देखते हुए शिक्षक की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं. लेकिन ताला लगाने के करीबन दो घंटे बाद भी न तो शिक्षा विभाग का कोई अधिकारी पहुंचा, और न ही प्रशासन का.

# प्रबल क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की आशंका

## तो हम सब तबाह हो जाएंगे, इसरो चीफ सोमनाथ ने धरतीवासियों को दी बड़ी चेतावनी

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** 370 मीटर व्यास वाला एक खतरनाक क्षुद्रग्रह पृथ्वी के निकट से गुजरने वाला है। इसके पृथ्वी से टकराने की भी प्रबल आशंका है। इससे पहले 30 जून 1908 को साइबेरिया के एक सुदूर स्थान तुंगुस्का में एक क्षुद्रग्रह के टकराने के कारण हुए विशाल हवाई विस्फोट ने लगभग 2200 वर्ग किलोमीटर घने जंगल को तहस-नहस कर दिया था। इसके कारण 8 करोड़ पेड़ नष्ट हो गए थे। अभी जो क्षुद्रग्रह धरती के नजदीक आ रहा है, उसके 13 अप्रैल 2029 को पास से गुजरने की संभावना है। ऐसा कहा जाता है जब-जब यह धरती से टकराती है तो कई प्रजातियां विलुप्त हो जाती हैं। इस बात की भी परिकल्पना है कि इसी के कारण धरती से डायनासोर विलुप्त हो गए थे। आपको बता दें कि दुनिया भर की अंतरिक्ष एजेंसियां ??पृथ्वी को क्षुद्रग्रहों से बचाने के लिए ग्रह रक्षा क्षमताओं का निर्माण करने की दिशा में काम कर रही हैं। इसरो ने भी अपने मजबूत कंधों पर इसकी जिम्मेदारी ली है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इसकी ताजा जानकारी दी है। उन्होंने कहा, हमारा पृथ्वी पर ऐसी कोई घटना होती है तो हम सभी विलुप्त हो जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, ये वास्तविक संभावनाएं



जीवनकाल 70-80 साल का होता है और हम अपने जीवनकाल में ऐसी कोई आपदा नहीं देखते हैं। इसलिए हम यह मानकर चलते हैं कि ऐसा होने की संभावना नहीं है। अगर आप दुनिया और ब्रह्मांड के इतिहास को देखें तो ग्रहों की ओर क्षुद्रग्रह के पहुंचने की घटना अक्सर होती रहती हैं। मैंने गुरुवार से टकराने वाले क्षुद्रग्रह को शूमेकर-लेवी से टकराते देखा है। अगर हैं। हमें खुद को तैयार करना चाहिए। हम नहीं चाहते कि यह धरती के साथ हो। हम चाहते हैं कि मानव और सभी जीव यहां रहें। लेकिन हम इसे रोक नहीं सकते। हमें इसके विकल्प खोजने होंगे। इसलिए हमारे पास एक तरीका है जिससे हम इसे विक्षेपित कर सकते हैं। हम पृथ्वी के निकट आने वाले क्षुद्रग्रह का पता लगा सकते हैं और उसे दूर ले जा सकते हैं। कभी-कभी यह असंभव भी हो सकता है। इसलिए प्रौद्योगिकी विकसित करने की आवश्यकता है। भविष्यवाणी करने की क्षमता बढ़ाने की आवश्यक्ता है। इसे विक्षेपित करने के लिए वहां भारी प्रॉप्स भेजने की क्षमता, अवलोकन में सुधार और एक प्रोटोकॉल के लिए अन्य देशों के साथ संयुक्त रूप से काम करने की आवश्यक्ता है।÷

इसरो प्रमुख ने कहा, ÷यह आने वाले दिनों में आकार लेगा। जब खतरा वास्तविक हो जाएगा, तो मानवता एक साथ मिलकर इस पर काम करेगी। एक अग्रणी अंतरिक्ष राष्ट्र के रूप में हमें जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं है, यह पूरी दुनिया के लिए है कि हमें तकनीकी क्षमता, प्रोग्रामिंग क्षमता और अन्य एजेंसियों के साथ काम करने की क्षमता तैयार करने और विकसित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आपको बता दें कि वह विश्व क्षुद्रग्रह दिवस (30 जून) पर इसरो द्वारा आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।





रायपुर. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान अपने निवास कार्यालय में श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रुपए की राशि के चेक बांटे।

# झोलाछाप डॉक्टर ने बालक का हाथ किया खराब,सीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश



**रायपुर,4 जुलाई**

मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में आज तिल्दा नेवरा इलाके के ग्राम तुलसी निवासी श्री अनुज बंजारे अपनी पत्नी श्रीमती पूर्णिमा और बेटे दीपेश बंजारे के साथ पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि वो तिल्दा के सब्जी मंडी में हमाल का काम करते हैं। 24 अगस्त 2023 को उनके पुत्र का बायां हाथ खेलते हुए फैक्चर हो गया। तुरंत उन्होंने स्थानीय चिकित्सक के क्लिनिक जाकर उसका इलाज करवाया, जहां डॉक्टर ने 1700 रुपए लेकर प्लास्टर किया। आराम ना मिलने पर बेटे को दूसरे अस्पताल ले गए, जहां पता चला कि प्लास्टर गलत तरीके से किया गया है, जिसके कारण हाथ में मवाद और सूजन आ गया है। वहां से रायपुर मेकाहारा रेफर किया गया। बेटे का इलाज के लिए एम्स रायपुर गए तो वहां के डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे का हाथ कभी ठीक नहीं होगा और अब उसका बायां हाथ काम करना बंद कर दिया है ।एम्स से वापिस आकर ईलाज के लिए हम उसी डॉक्टर के पास गए तो उन्होंने 3 माह तक फिजियोथैरिपी करवाने कहा। हमने फिजियोथैरिपी करवाया पर फ़िर भी हाथ में कोई सुधार नहीं हुआ और अब ईलाज से उसने मना कर दिया। मैने डॉक्टर के खिलाफ एफ आई आर कराया है, परंतु अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### जनदर्शन में बिटिया की शादी का कार्ड भी ले आया

जनदर्शन में मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। आज जनदर्शन में बहुत सारे ऐसे आवेदन आए जिसमें मुख्यमंत्री से लोगों ने उनकी योजनाओं से अपने जीवन में आई खुशहाली के लिए आभार व्यक्त किया। इनमें से एक चेतन भी थे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, आज जनदर्शन में आया हूं मेरी बिटिया की शादी भी इसी महीने है। अपना आवेदन लेकर आया तो सोचा कि आप प्रदेश के मुखिया हैं तो मुख्यमंत्री को आमंत्रित कर शादी का कार्ड देकर बिटिया के लिए उनका आशीर्वाद भी ले लूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी बिटिया को मेरा भरपूर आशीर्वाद है। बिटिया सुखी रहे, आपके आवेदन पर भी यथोचित कारवाई की जाएगी।

# हाथरस जाएंगे राहुल गांधी मृतकों के परिजनों से मिलेंगे

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाथरस का दौरा करेंगे। वे यहां भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इस बात की जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) हाथरस जाने की योजना बना रहे हैं। वह वहां जाएंगे और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने हाथरस की घटना पर दुख जताया और सत्संग के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने संसद में हाथरस घटना पर संबोधित करते हुए कहा, ''इस कठिन समय में हम यूपी और हाथरस के लोगों के साथ खड़े हैं। हम अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मौत की खबर बेहद दुखद है। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा था कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची



भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उन्होंने आगे लिखा कि सरकार और प्रशासन से अनुरोध है कि घायलों को हर संभव उपचार एवं पीड़ित परिवारों को राहत उपलब्ध कराएं। ढ्ढहृष्ठ्र के सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत और बचाव में अपना सहयोग प्रदान करें। उत्तर प्रदेश में हाथरस में एक सत्संग के बाद मची भगदड़ के पीड़ितों के शवों के पोस्टमार्टम से पता चला है कि उनकी मौत सीने में चोट के कारण खून जमने, दम घुटने और पसलियों में चोट के कारण हुई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

# स्वदेश लौटकर प्रधानमंत्री से मिले भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी को अपने नाम करने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम आखिरकार स्वदेश वापस लौट आई है। बारबाडोस के मैदान पर फाइनल मुकाबला जीतने के बाद टीम इंडिया वहां पर आए चक्रवाती तूफान की वजह से तुरंत रवाना नहीं हो सकी थी। टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बारबाडोस से एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट से सीधे दिल्ली पहुंचने के बाद होटल के लिए रवाना हो गए थे, जिसके बाद टीम 11 बजे सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने पीएम आवास पहुंची थी। जहां उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की, मुलाकात



अब खत्म होने के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी मुंबई में होने वाली विक्ट्री परेड में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हो चुके हैं।

**विमानतल पर जोरदार स्वागत**-रोहित शर्मा की अगुवाई वाली विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम आज बारबाडोस से दिल्ली पहुंच गई। पुरुष भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप ट्रॉफी जीतने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी है।दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा है, हर कोई भारतीय टीम का स्वागत करना चाहता है। बहुत सारे फैंस तो रात में ही एयर पोर्ट पहुंच गए थे। टीम के खिलाड़ी एयरपोर्ट के बाहर आए और बस से होटल के लिए रवाना हो गए। इस बीच विराट कोहली जब बस में चढ़ रहे थे तो उन्होंने फैंस की तरफ देखा और उनका अभिवादन स्वीकार किया। फैंस विराट कोहली को देखते ही शोर मचाने लगे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार माँ - बेटी की मौके पर दर्दनाक मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**रायपुर,4 जुलाई।** राजधानी के आरंग में भीषण सड़क हादसा हो गया है, यहां चपरीद में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया, इस हादसे में मां और बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि एक शख्स गंभीर है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 11 बजे ग्राम चपरीद निवासी महेश साहू अपने पत्नी उत्तरा बाई साहू और बेटी आरती साहू के साथ बाइक से देवरी जा रहे थे, तभी चपरीद के ही मेन रोड में तालाब के पास दस चक्का वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में उत्तरा साहू 50 वर्ष और आरती साहू 27 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक महेश साहू मामूली रूप से घायल है। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। बता दें घटनास्थल से कुछ मीटर की दूरी पर शराब भट्ठी है, जिसके कारण आये दिन कई घटनाये होती रहती है, इसलिए सभी ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए शराब दुकान को बंद करने की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही ष्टस्क्क लंबोदर पटेल, आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह तथा नयाब तहसीलदार सृजल साहू घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाइस देते हुए आश्वासन दिया, तब जा कर ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने शव को ले जाने दिया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।



## अब छत्तीसगढ़ में भी प्रतिबंधित दवा का प्रकरण फूटा

jasclaudius@gmail.com

# विद्यार्थियों को खेल भावना से जरूरी है अवगत कराना

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

खिलाड़ियों को उनके अच्छे प्रदर्शन पर सम्मान, नकद धनराशि, नौकरी या फिर भूखंड जैसे ईनाम का चलन बढ़ गया है। इस तरह की नीति सफल है या नहीं उस पर अलग-अलग तर्क दिया जा सकता है। एक तरफ खिलाड़ी की सफलता उसे ऊंचाईयों में पहुंचा देती है उसे पुरस्कृत करके उसके जीवनयापन का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। अभिभावक, माता-पिता, उनके रिश्तेदार, दोस्त सभी जिन्होंने उसे पदक विजेता बनने में मदद की वे अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं। परंतु कुछ दिनों बाद जब यह पता चलता है कि सफलता पाने वाले खिलाड़ी ने खेल भावना के साथ खिलवाड़ किया है और अपनी शारीरिक शक्ति बढ़ाने के लिए प्रतिबंधित दवा का इस्तेमाल किया है तो फिर उस खिलाड़ी को पूरी जिंदगी अपमान का घूंट पीकर रहना पड़ता है। खेलों की दुनिया में प्रतिबंधित दवा के प्रयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। पहले पहल भारत के बाहर दूसरे देशों में इस तरह की घटनाएं सामने आती थी परंतु धीरे-धीरे भारत में और अभी हाल में छत्तीसगढ़ के भारोत्तोलन खिलाड़ी द्वारा प्रतिबंधित दवा के सेवन का दुखद, शर्मनाक मामला सामने आया है। राजनांदगांव स्थित निजी व्यायामशाला में पिछले कई वर्षों से भारोत्तोलन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

चूंकि छत्तीसगढ़ में शासकीय तौर पर कहीं भी भारोत्तोलन की व्यायामशाला संचालित नहीं है। अतः खिलाड़ी भारोत्तोलन में अपना भाग्य अपनाने के लिए रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, भिलाई, राजनांदगांव जैसे शहरों में प्रशिक्षण लेते हैं। प्रशिक्षण प्रमुखतः एनआईएस कोच की अनुपलब्धता में पुराने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के विजयी खिलाड़ियों द्वारा दिया जाता है। इस तरह भारोत्तोलन में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अभाव में भी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिल रही है। राजनांदगांव के इस निजी व्यायामशाला में प्रशिक्षण अजय लोहार के द्वारा पुरुष व महिला भारोत्तोलक तैयार किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इसी व्यायामशाला के खिलाड़ियों को मिल रही सफलता का ध्यान राष्ट्रीय एंटी डोप एजेंसी की ओर गया और उन्होंने 9 अक्टूबर 2023 को पटियाला पंजाब में आयोजित प्रतियोगिता में 81 कि.ग्रा. वजन वर्ग में पदक विजेता राजनांदगांव के मिथलेश सोनकर तथा इसी वर्ष 19 मार्च को खेलो इंडिया इंटर जोन स्पर्धा में पदक विजेता महिला खिलाड़ी एकता बंजारे का अचानक डोप टेस्ट का नमूना लिया था। इस जांच में यह पाया गया कि दोनों ही खिलाड़ियों ने ताकत बढ़ाने हेतु प्रतिबंधित दवा का सेवन किया था। अंतः डोप टेस्ट पाजिटिव आने के पश्चात भारोत्तोलन के भारतीय फेडरेशन ने दोनों खिलाड़ियों के साथ ही साथ कोच पर भी चार वर्ष का निलंबन लगा दिया है। छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्ग के सांसद विजय बघेल की अनुशंसा पर निलंबन आदेश जारी किया गया है। इस प्रकार की घटना से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेलप्रेमियों में मायूसी छा गई है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिबंधित दवाओं का इस्तेमाल की यह सबसे बड़ी शर्मनाक घटना है। इससे प्रदेश में अब भारोत्तोलन ही नहीं अन्य खेलों के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवा के प्रयोग के होने वाली हानि से अवगत कराने का समय आ गया है। खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षकों की इस तरह की हरकत के बचाव के लिए छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा विभिन्न खेलों के राज्य स्तरीय खेल संघों को गंभीर होना पड़ेगा। प्रतिबंधित दवा के प्रयोग से होने वाली दुष्परिणाम की जानकारी को सार्वजनिक करने, गांव-गांव तक प्रचारित,प्रसारित करने के लिए हमारे प्रदेश के समाचार पत्रों, रेडियो, टेलीविजन, सोशल मीडिया का सहयोग प्राप्त करना जरूरी है। अभिभावकों में जागरूकता के लिए विशेष प्रयास जरूरी है। साथ ही शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रम में उन विषयों की सामग्री को शामिल किया जाना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को बचपन से ही प्रतिबंधित दवा लेने और उससे होने वाले नुकसान की जानकारी रहेगी।

# कफ सिरप की बोतल निगल गया कोबरा, जान पर बन आई

**भुवनेश्वर,4 जुलाई।** स्नेक हेल्पलाइन के सदस्यों एक कोबरा की जान बचाई. इस सांप ने कफ सिरप की बोतल निगल ली थी. जो सांप के मुंह में ही फंस गई और वो



इसे निकालने की जद्दो-जहद करता रहा. इसका वीडियो अब सामने आया है, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कोबरा ने कफ सिरप की एक बोतल निगलने के लिए संघर्ष कर रहा था. घटना भुवनेश्वर की बतायी गयी है. इसका वीडियो प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव (पीसीसीएफ) सुशांत नंद ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया है. नंद ने अपने ट्वीट में लिखा है कि भुवनेश्वर में एक आम कोबरा ने कफ सिरप की बोतल निगल ली और उसे उगलने के लिए संघर्ष कर रहा था. स्नेक हेल्पलाइन के स्वयंसेवकों ने बड़े जोखिम के साथ बोतल के निचले जबड़े को धीरे से चौड़ा करके बोतल के निचले हिस्से के रिम को बाहर निकाला और एक अनमोल जीवन बचाया. वन्यजीव वार्डन सुभेंदु मलिक ने कहा कि हमें घटना के बारे में जानकारी मिली. मौके पर पहुंचने के बाद हमने देखा कि कोबरा कफ सिरप की बोतल को उगलने के लिए संघर्ष कर रहा था. बोतल का ढक्कन वाला हिस्सा कोबरा के जबड़े के अंदर था. थोड़ी सहायता के बाद, सांप ने खुद ही बोतल को उगल दिया. मलिक के अनुसार, यह सांप की गलती हो सकती है, जिसके कारण उसने बोतल निगल ली. सांप दर्द में था और कमजोर हो गया था.

एक नजर

## महादेव सट्टा ऐप केस में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया



**भिलाई, 4 जुलाई।** दुर्ग महादेव सट्टा ऐप केस में जांच की रफ्तार फिर तेज हो गई है. दुर्ग पुलिस ने एक बार जांच करते हुए तगड़ा एक्शन लिया है. एंटी साइबर एवं क्राइम यूनिट ने हवाला कारोबारी दिनेश भाई उर्फ नीरू भाई के रायपुर के ठिकानों पर दबिश दी है. रेड की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. इनके पास से 81.74 लाख रुपये जब्त किए गए हैं जांच में पुलिस ने कई बातों का खुलासा किया है खाइवालों की रकम को खपाने का आरोप- दुर्ग पुलिस ने जांच में आरोप लगाया है कि कारोबारी दिनेश भाई व्यास उर्फ नीरू भाई महादेव सट्टा एप समेत कई ऑनलाइन ऐप में खाईवालों की रकम को हवाला के जरिए भेजता था. इस बात का खुलासा दुर्ग के एसपी जितेंद्र शुक्ला ने किया है. गिरफ्तार आरोपियों में शक्ति जटेजा,जयेंद्र जटेजा,और आकाश दवे शामिल हैं जल्द पकड़ा जाएगा दिनेश भाई व्यास ऊर्फ नीरु भाई- दुर्ग पुलिस ने मंगलवार रात गुजरात के रहने वाले हवाला कारोबारी दिनेश भाई व्यास के रायपुर स्थित शंकर नगर ऑफिस में रेड कार्रवाई की थी. इस दौरान 80 लाख रुपए कैश जब्त करने के साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दिनेश भाई महादेव सट्टा ऐप समेत कई अन्य ऑनलाइन गेमिंग ऐप और ऑनलाइन सट्टा खाइवालों की रकम हवाला के जरिए भेजता है. हवाला कारोबारी दिनेश भाई व्यास अभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है. पुलिस ने जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया है दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में जानकारी लगी की सट्टे का पैसा हवाला कारोबारी नीरू भाई खाईवाल के रूप में इधर उधर करता था. गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि नीरू भाई मुंबई में बैठकर अलग-अलग ठिकानों में अपने दफ्तर खुलकर ऑनलाइन सट्टे को ऑपरेट करता है. वहां से वह हवाला के रकम को ठिकाने लगाता है. पुलिस ने रुआबांधा इलाके के विनय यादव को गिरफ्तार किया है. सर्कस मैदान के बाहर अपने कार में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खेला रहा था. आरोपी ने बताया कि उसे सोशल मीडिया के माध्यम से टोकन नंबर दिलवाया जाता था. आरोपी इसमें अलग अलग नोट का टोकन बनाकर पासवर्ड का इस्तेमाल करते थे दुर्ग से आरोपी विनय यादव की गिरफ्तारी हुई. उसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रायपुर में दबिश दी और तीन हवाला आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने तीनों के पास से 81.74 लाख रुपये बरामद किया है और तीन नोट गिनने वाली मशीन को जब्त किया है. आरोपियों के पास से टोकन के रूप में इस्तेमाल होने वाली 1, 2,5,10 रुपये के 8 बंडल नोट भी जब्त किए गए हैं।

## कांग्रेस पार्षद व पूर्व एमआईसी मेंबर के पति से मारपीट



**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र रिसाली नगर निगम के कांग्रेस पार्षद व पूर्व एमआईसी मेंबर ईश्वरी साहू के पति से मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है आरोप है कि वार्ड 15 शिव मंदिर के पास रिटायरमेंट पार्टी के दौरान पार्षद पति और उसका देवर शराब के नशे में पहुंचा और विवाद बढ़ गया जिसके चलते जमक र मारपीट हुई। इस मामले में नेवई पुलिस ने दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कराई है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि घटना वार्ड क्रमांक 14 मौहारी मरोदा के शिव मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में स्थानीय निवासी उमेश रावेट की दादी की रिटायरमेंट पार्टी का कार्यक्रम चल रहा था। उस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। वार्ड 15 पार्षद ईश्वरी साहू और उसके पति प्रदीप साहू के खिलाफ अपराध दर्ज कराने वाले उमेश रावटे का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान प्रदीप साहू व ईश्वरी साहू आए और गाली-गलौज करने लगे। उनका कहना था कि उसकी बिना अनुमति के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम कैसे आयोजित किया इसके बाद उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसका बाया पैर टूट गया उस दौरान पार्षद पति प्रदीप साहू काफी नशे में धुत था दूसरे पक्ष की तरफ से पार्षद पति प्रदीप साहू (44 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कार्यक्रम स्थल पर कुछ लोग एक दूसरे को गाली दे रहे थे इस पर पार्षद ईश्वरी साहू और उनके देवर ने उन्हें मना किया तो उल्टा इन्हीं से गाली-गलौज करने लगे। जब ईश्वरी साहू ने विरोध किया तो उन्होंने लात-घूंसों से बुरी तरह मारपीट की ।

## भिलाई-चरौदा निगम लगायेगा जन समस्या निवारण शिविर

**भिलाई-चरौदा।** दुर्ग कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से प्राप्त निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा क्षेत्रांतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के द्वारा आदेश जारी कर अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग से प्राप्त आदेशानुसार यह कार्यवाही की जा रही है। जिसका उद्देश्य नागरिकों के बीच पहुंच कर उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किया जाना है। इसी क्रम में निगम क्षेत्र में आगामी दिनांक 10-7-2024 से प्रारंभ कर दिनांक 27-12-2024 तक कुल 12 जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में शासन की लोक कल्याण की योजनाओं, राजस्व, महिला बाल विकास, खाद्य, विद्युत, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

# बच्चों ने फर्राटे से पढ़ा पैराग्राफ तो डीएम ने मंजिल हासिल करने का दिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर शालाओं में अध्ययन-अध्यापन, शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई, शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरडीह एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेलूद का निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई की चौथी क्लास के बच्चों से अक्षर ज्ञान एवं गणितीय ज्ञान को परखा। कलेक्टर ने अक्षर ज्ञान को परखने के लिए बच्चों से हिन्दी पाठ्यपुस्तक से एक पैराग्राफ पढ़कर सुनाने को कहा। तत्पश्चात बच्चों को ब्लैक बोर्ड में अभिलाषा लिखने को कहा। उन्होंने सभी बच्चों को अपने-अपने नाम की स्पेलिंग हिन्दी और अंग्रेजी में लिखने को कहा। जिसे बच्चों ने अपनी कॉपी में लिखकर उन्हें दिखाया। कलेक्टर ने बच्चों से छत्तीसगढ़ की राजधानी और भारत की राजधानी से संबंधित प्रश्न पूछा। जिस पर सभी बच्चों ने सही-सही जवाब दिया। इस दौरान क्लास उपस्थित शिक्षिका को कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बच्चों में अक्षर ज्ञान की समझ कम होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी क्लास रूम में शिक्षण सहायता सामग्री पोस्टर एवं चार्ट लगवाने एवं स्कूलों में शिक्षक संदर्शिका उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयकों बीईओ, संकुल शैक्षिक समन्वयक को स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सतत निरीक्षण करने को कहा। साथ ही स्कूल परिसर को साफ-सुथरा कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने तीसरी क्लास के बच्चों में गणितीय ज्ञान को परखने के लिए बच्चों से पूछा कि आप में से कौन बच्चा एक से लेकर 30 तक गिनती सुनाएगा। आधे बच्चों ने हाथ उठाकर हामी भरी और एक छात्रा ने खड़े होकर 1-30 तक गिनती सुनाई। कलेक्टर ने इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। चौथी क्लास में हिन्दी पाठ्यपुस्तक का रिडिंग कर रहे बच्चों से 'गुण' का अर्थ पूछा। साथ ही उन्होंने 51-60 तक गिनती पूछी। इसके बाद उन्होंने बच्चों से ब्लैक बोर्ड में वन (एक) की स्पेलिंग लिखने को कहा। जिस पर बहुत सारे बच्चों द्वारा गलत स्पेलिंग लिखे जाने पर उपस्थित शिक्षक को अंग्रेजी स्पेलिंग पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही अभ्यास पुस्तिका बच्चों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरडीह स्कूल पहुंचकर आठवीं क्लास के बच्चों को अंग्रेजी का एक पैराग्राफ पढ़ने को कहा। साथ ही उन्होंने ब्लेक बोर्ड में छत्तीसगढ़ को हिन्दी और अंग्रेजी में लिखने कहा। अधिकांश बच्चों को छत्तीसगढ़ को अंग्रेजी में लिखने में दिक्कतें आईं। इसी प्रकार सातवीं के बच्चों को संस्कृत पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछा। उन्होंने वहां उपस्थित शिक्षक से अन्य पाठ्यक्रम हिन्दी और अंग्रेजी की कक्षाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राचार्य को शौचालयों में टाइल्स लगाने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को एक पेड़ मॉ के नाम इस थीम पर छात्र-छात्राओं के साथ पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी ने स्कूल परिसर में 6वीं, 7वीं एवं 8वीं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं के साथ आंवला, अशोक का पौधा लगाया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रोजेक्टर के द्वारा पढ़ाई कर रहे नौवीं क्लास के बच्चों से हिन्दी का पाठ पढ़ने को कहा। पाठ्यक्रम के अनुसार प्रश्नोत्तरी किए, अधिकांश बच्चों ने कलेक्टर के पूछे गए सवालों का सही सही जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने बारहवी के विज्ञान एवं गणित संकाय के विद्यार्थियों से भी प्रश्न पूछे। सभी विद्यार्थियों ने पूछे गए प्रश्न का सही उत्तर दिया। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि कड़ी मेहनत लगन से पढ़ाई करें और अपनी मंजिल को हासिल करें। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, समग्र शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र पाण्डेय सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 जुलाई।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने आज कबीरधाम जिला विकासखण्ड बोडला के ग्राम भवरटोक, थावरझोल, कटगो, डोंगईटोला एवं चिमरा में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। सचिव अब्दुलहक ने प्रमुख अभियंता एमएल अग्रवाल, मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता के साथ जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के तहत लोगों को मिल रही सुविधाएं और कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए। सचिव श्री अब्दुल हक ने निरीक्षण के बाद विकासखंड बोड़ला में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक भी ली। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल जल जीवन मिशन के प्रगति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।सचिव अब्दुलहक ने जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति, हितग्राहियों की संख्या और पानी टंकी की क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के घरों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन गांव, गरीब एवं आमलोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोड़ला विकासखण्ड के सोलर आधारित योजना ग्राम भवरटोक एवं थावरझोल में योजनांतर्गत उपलब्ध कराए गए नल कनेक्शन आदि की जानकारी ली।कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जल जीवन मिशन के तहत जिले में किए गए कार्यों सहित प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 958 ग्रामों में कार्य प्रारंभ किया गया है। इनमें 643 ग्रामों में जल प्रदाय किया जा रहा है और 164 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता जे. पी. गोंड, सहायक अभियंता दिलीप सिंह ठाकुर सहायक अभियंता बोड़ला जी. पी. ठाकुर सहित विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता टोमन कुंजाम , जिला समन्वयक, आईएसए, टीपीआई उपस्थित थे।कार्यपालन अभियंता श्री जे. पी. गोंड ने बताया कि रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम चिमरा में लगभग सभी घरो में कनेक्शन कार्य पूर्ण कर लिए गए है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत बने पानी टंकी से ग्राम के सभी घरों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के उद्देश्य के अनुरूप सभी घरों में नल कनेक्शन प्रदान करने के लिए विभागीय अमले द्वारा पूरी सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। ग्रामवार सर्वे कराकर छूटे हुए घरों में भी नल कनेक्शन के साथ स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने बेहतर कार्ययोजना के साथ काम किया जा रहा है।

## जिला महिला मोर्चा ने विभिन्न स्थानों पर किया पौधारोपण



**कवर्धा, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एवं जिला अध्यक्ष अशोक साहू के आदेशनुसार जिला अध्यक्ष श्रीमती सतवीन्दर पाहुजा के नेतृत्व मैं एक वृक्ष माँ के नाम इस थीम के साथ आज भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया और 101 पेड़ लगाने संकल्प लिया गया की महिला मोर्चा द्वारा वृधाआश्रम मै वृद्ध जनों के साथ विधायक कार्यलय मै जिला सरकारी हॉस्पिटल परिसर मै नीम. पीपल, वट वृक्ष, और फलदार वृक्ष लगाए गए और देखभाल करने का जिम्मेदारी भी ली जिला अध्यक्ष इस कार्यक्रम मै मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला अनिल ठाकुर , भाजपा उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल , श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी , खिलेश्वर साहू , पूर्व जिला अध्यक्ष मधु तिवारी , पूर्व महामंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी , श्रीमती तारा मरकाम महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती सविता ठाकुर , डॉ भारती गुप्ता , जिला उपाध्यक्ष भगवतीन अहिरवार जी, लता बेस , जिला मंत्री निशा साहू , मण्डल अध्यक्ष संतोषी जायसवाल , महामंत्री वैधकुमारी चौबे जी, अनीता धुर्वे , छाया नामदेव ,शारदा नामदेव निराशा झरिया उपस्थित हुए ।

## उच्च न्यायालय ने दिया एक सप्ताह में चुनाव कराने का आदेश, पार्षद मोहित माहेश्वरी ने दायर की थी याचिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के राजनीति में हॉट सीट माने जाने वाले कबीरधाम जिले के कवर्धा नगर पालिका में एक बहुचर्चित मामले के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने अपना इस्तीफा दे दिया था। जिसे बाद नयी सरकार के गठन के बाद से ही नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए गहमा गहमी शुरू हो गयी थी. भाजपा की सरकार आने के बाद डिप्टी ष्द्व विजय शर्मा के गृह नगर में भाजपा ने नगर पालिका में कांग्रेसी पार्षद के बहुतमत होने के बाद भी एक भाजपा के पार्षद कों नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए कवर्धा की जनता के उपर जबरन थोप दिया था.

जिस पुरे मामले पर कांग्रेस के पार्षद मोहित माहेश्वरी ने न्यायालय की शरण ली थी याचिका दायर की थी. सविधान के विपरीत किये गये इस प्रकार के कृत्य से कवर्धा की जनता का विश्वास जरुर डगमगाया लेकिन आज पुरे मामले पर माननीय उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी/1516/2024 पर शासन द्वारा अध्यक्ष मनोनयन की प्रक्रिया कों गलत ठहराते हुए शासन कों एक सप्ताह के भीतर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु आदेश जारी किया है । जिसमे माननीय न्यायालय ने कहा है कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर चुनाव छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 37 के अंतर्गत निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं हो रहा था. माननीय न्यायालय ने यह निर्णय लेने के पश्चात कहा कि चुनाव तत्काल कराया जाए और सभी तथ्यों के आधार पर निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह सात दिनों के भीतर आवश्यक अधिसूचना जारी करके प्रक्रिया आरंभ करे। सभी अधोहस्ताक्षरी पार्षदगण द्वारा विनम्र अनुरोध है कि चुनाव तत्काल कराया जाए, संविधान की भावना की रक्षा की जाए तथा कानून का शासन सुरक्षित रहे। निर्वाचन अधिसूचना जारी करने में किसी भी प्रकार का विलम्ब माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश की जानबूझकर अवहेलना होगी तथा यह नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष पद पर आसीन होने के संवैधानिक आदेश को जानबूझकर दरकिनार करने का कृत्य भी होगा। चुनाव हुए काफी समय बीत चुका है जिसके फलस्वरूप राज्य द्वारा मनोनीत पार्षद ने नगर पालिका परिषद कवर्धा के कार्यालय पर कब्जा कर लिया है जो संविधान के विरुद्ध है। कृपया उक्त रिट में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित करें। आदेश आने के बाद समस्त कांग्रेसी पार्षदगण ने आज राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर मान. उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की कॉपी सहित 15 पार्षदों के हस्ताक्षर के साथ चुनाव के संबंध में आवेदन निर्वाचन आयोग कों सौंपा ताकि जल्द से जल्द चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा सके।



## पर्यावरण-अनुकूल तरीके से 82 टन विषैले अपशिष्ट का किया गया निपटान

**भिलाई, 4 जुलाई ।** अक्टूबर 2023 से सेल-भिलाई द्वारा संचालित पॉली क्लोरो बाय-फिनाइल (पीसीबी) अपशिष्ट निपटान सुविधा के माध्यम में अब तक पुराने ट्रांसफार्मरों से निकले 82 टन से अधिक विषैले अपशिष्ट ऑयल का पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटान किया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी), भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) के साथ मिलकर बीएसपी में पॉली क्लोरो बाय-फिनाइल (पीसीबी) और पीसीबी दूषित अपशिष्ट के निपटान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना शुरू की थी।

पीसीबी अपशिष्ट को स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (पीओपी) के रूप में घोषित किया गया है।

## उपस्वास्थ केन्द्र अखरा में पौधारोपण किया गया



**कवर्धा, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकास खण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत खमहरिया के आश्रित गांव उपस्वास्थ केंद्र अखरा में शासन आदेशानुसार कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र के चारों तरफ पौध रोपण किया गया जिसमें आम बरगद नेम अशोक जैसे पेड़ लगाया गया पेड़ लगाने से वातावरण शुद्ध बना रहता है जिसमें पौध रोपण के लिए प्रमुख रूप से मनोज चंद्राकर ग्रामीण स्वास्थ संयोजक, श्रीमती नम्रता बघेल सी एच ओ, श्रीमती गोदावरी भार्गव आर एच ओ, सुश्री रुखसाना आर एच ओ, आशा (मितानिन) श्रीमती आशा धवलकर व श्री राजेंद्र पटेल जी हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक × संयोजक का विशेष रूप से योगदान रहा इस एलोवेरा (घृत कुमारी) एवम तुलसी दोनों के पौध मलेरियारोधी के लिए कारगार साबित होता है यदि मुनष्य मलेरिया से होने वाले बीमारी से छुटकारा पाना चाहे तो एलोवेरा व तुलसी का पौध का अपने दैनिक जीवन में उपयोग प्रयोग करना चाहिए ।

## पूर्व में बने 50 हजार आयुष्मान कार्ड घर-घर जाकर बटेंगीं मितानीन



**भिलाई, 4 जुलाई ।** शासन की अति महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सभी नागरिको के स्वास्थ्य से जुड़ा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पूर्व में बनाये गए 50 हजार आयुष्मान कार्ड बन कर आ गया है। आयुष्मान कार्ड मितानिन घर-घर जाकर वितरण करेगीं। बीपीएल आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड से 50 हजार तक का इलाज निशुल्क करा सकते है। पहले का बना स्मार्ट कार्ड अब नहीं चलेगा, नया आयुष्मान कार्ड बनवाना ही पड़ेगा। 2018 के बाद का बना आयुष्मान कार्ड पर ईलाज होगा, उन्हे दुबारा बनवाने की आवश्यकता नहीं है। विशेष प्रकार के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री के पास आवेदन देने से स्वीकृति के अनुसार इलाज हो सकता है । जिसमे 25 लाख तक का इलाज निःशुल्क कराया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड से 3 हजार प्रकार के बीमारियों का इलाज अब हो सकता है। पहले के शिकायतों को आधार मानकर अब अन्य अस्पतालों में दांत का इलाज, डिलीवरी आंख एवं 163 सामान्य बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता है। भिलाई के नागरिकों लिए अच्छा समाचार है शासन के विशेष पहल पर जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 में ही डिलीवरी, दांत एवं आंख का इलाज अब आयुष्मान कार्ड से हो सकता है। आयुष्मान कार्ड हितग्राही के मोबाइल में दर्ज है, तो फोटो देखकर भी आयुष्मान कार्ड से इलाज हो सकेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि प्रत्येक परिवार के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना आवश्यक है। यह शासन की अति महत्वकांक्षी योजना है। लगभग 1.75 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाना शेष है। जिसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मितानीन घर-घर जाकर पुराने आयुष्मान कार्ड को वितरित करेगी। नया आयुष्मान बनाने के लिए प्रथम पाली में घर-घर जाकर कार्ड बनाया जायेगा एवं द्वितीय पाली में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं नजदीकी लोक सेवा केन्द्र में आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंजीयन के लिए आधार कार्ड में लिंक मोबाईल नम्बर एवं राशन कार्ड का होना आवश्यक है। उसी के आधार पर नवीन आयुष्मान कार्ड बन जायेगा। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जिले के सभी महत्वपूर्ण अस्पतालों में निःशुल्क ईलाज किया जाएगा।

## वैशाली नगर महाविद्यालय में भारतीय न्याय संहिता पर दृश्य व्याख्यान आयोजित



**भिलाई, 4 जुलाई ।** भारतीय नया संहिता में हुए परिवर्तन के आधार पर तीन नए कानून का निर्माण किया गया इस विषय पर इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें व्यवहार न्यायाधीश आशीष डहरिया, सचिव डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी, दुर्ग को आमंत्रित किया गया । अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय कानून पर संशोधन किया गया है और इसकी जानकारी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को होना अति आवश्यक है। इस हेतु एक दिन व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष डहरिया ने बताया कि कौन-कौन सी धाराओं में परिवर्तन हुआ है और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अनेक प्रश्नों का समाधान किया। उनके प्रश्नों का उत्तर दिया यह कार्यक्रम पूरी तरह से प्रश्नोत्तरी वाला रहा जिसमें विद्यार्थियों ने अपने अनेक प्रश्नों के उत्तर भी प्राप्त किया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने मन में उठने वाले अनेक समस्याओं का समाधान प्राप्त किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डेनियल, प्रो मैरिली रॉय, डॉ किरण रामटेक, प्रो श्रीमती सुशीला शर्मा, डॉ दिनेश कुमार सोनी, डॉ एम एस पटेल, डॉ भूमि राज पटेल, डॉ मीनाक्षी भारद्वाज, सुरेश कुमार ठाकुर, डॉ अजय मनहर, प्रो महेश कुमार अलेंद्र, प्रो अमृतेश शुक्ला, प्रो अत्रिका कोमा उपस्थित रहे।

## बीएसपी में एससी एसटी विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 4 जुलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में 03 जुलाई 2024 को एससी एसटी विक्रेताओं के विकास और सहायता के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी विकास कुलकर्णी थे। कार्यक्रम में विक्रेता विकास सेल से सहायक महाप्रबंधक प्रशांत जानकी एवं उप प्रबंधक पी जगबन्धु सहित क्रय विभाग के आधिकारीगण और कई विक्रेता शामिल हुये थे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे




भिलाई, 4 जुलाई । स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के लोदी रोड स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में 3 जुलाई को वन महोत्सव 2024 के तहत पौधे रोपे गए। यह पौधरोपण सतत और हरित इस्पात उत्पादन की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस अवसर पर सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक (वाणिज्यिक ) वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वित्त) एके तुलसियानी, निदेशक (कार्मिक) केके सिंह और सीवीओ, सेलएसएन गुप्ता द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सेल के वरिष्ठ अधिकारीगण और कार्मिक भी शामिल हुए।

## एक नजर

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे अंबागढ़ चौकी

**छूरिया,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू डोंगरगांव अंबागढ़ चौकी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव




कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और जो क्लास में प्रथम आए हैं उन बच्चों का गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर और पुस्तक और ड्रेस वितरण कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे साहू जी ने कहा शिक्षा में हर बच्चे को आगे आना चाहिए क्योंकि शिक्षा कोई छीन नहीं सकता शिक्षा खुद का पूंजी होता है और पढ़ाई लिखाई कर गांव का समाज का और अपने क्षेत्र का प्रदेश का देश का नाम रोशन करता है साथ में नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम जी उदे राम साहू जी बेनी प्रसाद साहू जी विकास लाऊत्रे जी,नरेश नारायण यादव जी चौकी ब्रम्ह साहब संकुल के सभी शिक्षक गण ग्रामीण जन उपस्थित थे...

### कन्या शाला में पौधे लगाए

**डोंगरगढ़ ,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** संसार में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक



संतुलन बिगड़ रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धर्मनगरी में नपा प्रशासन के अभियान वृक्ष बचाओ, वृक्ष लगाओ व पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत शा.उ.मा.वि. कन्या शाला डोंगरगढ़ परिसर में वृक्षारोपण का कार्यकम किया गया। जिसमें हर्षिता स्वामी बघेल विधायक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़, सुदेश कुमार मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, उमेश पटेल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़,विजयराज सिंह चौहान, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं चन्द्रकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के आतिथ्य में वृक्षारोपण का कार्यकम किया गया। दृक्षारोपण पश्चात कार्यकम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के द्वारा वृक्षारोपण एवं उनकी रक्षा की शपथ ली गयी।

### आंध्रप्रदेश से ट्रेन में भटक कर राजनांदगांव पहुंची वृद्ध महिला को उसके परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया

**राजनांदगांव,4 जुलाई।** पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगांव में बदहवाश घुम रही एक महिला की सूचना थाना सिटी कोतवाली को मिली। उक्त महिला को पूछताछ करने पर हिंदी भाषा की जानकारी नही होने से कुछ भी बताने की स्थिति में नही थी, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य लग रही थी, जिसे खाना खिलाया गया, थाना प्रभारी एमन साहू के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया ,जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमान मोहित गर्ग के निर्देशानुसार कुछ देर बाद महिला की स्थिति समान्य होने पर तेलगु भाषा में बात करने वाले तेलुगु भाषी व्यक्ति के द्वारा उससे पूछताछ कराने पर वह अपना नाम ईश्वर अम्मा पति काटमईया उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कन्दकुर मंडल जिला अनंतपुर आंध्रप्रदेश का होना

# मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से एक सप्ताह के भीतर 5 वर्षीय नूतन की आंख का हुआ इलाज

**रायपुर, 4 जुलाई।**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशीलता से पांच वर्षीय नूतन ठाकुर की आंख का इलाज एक सप्ताह के भीतर हो गया है। नूतन की आंख में खेल-खेल में चोट लग गई थी जिससे उसका रेटिना खराब हो गया था। उसके पिता श्री काशी ठाकुर मुख्यमंत्री निवास में 27 जून को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और उनसे नूतन की आंख का इलाज करने के लिए सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को नूतन का बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए । श्री काशी ठाकुर आज अपनी बेटी को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने



नूतन को दुलार, नाम पूछा और नूतन को अपना आशीर्वाद प्रदान किए। उन्होंने नूतन से कहा अच्छे से पढ़ाई करना। नूतन ने मुख्यमंत्री को बाल सुलभ सहजता के साथ गुलाब का फूल भेंट किया। श्री काशी ठाकुर भी बेटी के इलाज के लिए मिली त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते नहीं थकते। गौरतलब है कि नूतन के पिता दुर्ग के बोरसीभाटा में रहते हैं, वे माली का काम करते हैं। नूतन का इलाज दुर्गा के शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में चल रहा था । आंख की स्थिति देखकर डॉक्टरों ने बताया की आंख में कोई इंप्लांट नहीं हो सकता, इसलिए नकली आंख लगानी पड़ेगी। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर सरकारी खर्च पर नूतन की दाई आंख में पत्थर की आंख लगाइए गई है। नूतन के इलाज के लिए दुर्ग सीएमएचओ द्वारा 25000 रुपए की राशि रायपुर के जीईरोड स्थित आर्ट आई सेंटर को उपलब्ध कराई गई। यह प्रोस्थेटिक सेंटर है, जहां कृत्रिम अंग बनाए जाते हैं। यहां नूतन की दाईं आंख में पत्थर की आंख लगाई गई है।

## वन है तो कल है के मूल मंत्र को अपनाएं,अपने आस-पास पौधारोपण जरूर करें : किरण वैष्णव



**छुरिया,4 जून**

परिक्षेत्र बागनदी उपवन मंडल द्वारा वन महोत्सव व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव शामिल हुई। श्रीमती किरण वैष्णव ने संबोधित करते हुए का कि वन है तो कल है के मूल मंत्र को अपनाते हुए सभी अपने आस-पास वृक्षारोपण करें, क्योंकि प्रकृति व मनुष्य के लिए वनों का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हम सभी वृक्षारोपण और उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।हम सभी को जिस तरह से मां के द्वारा प्यार कर बड़ा कर हमारी मार्गदर्शन करती है।उसी प्रकार हम सभी को वृक्षारोपण कर उस पेड़ की देखभाल करना है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने तेंदूपत्ता 5500 रू प्रति मानक की दर से खरीदी कर रही है। वन महोत्सव कार्यक्रम हमारे लिए केवल एक वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति व पर्यावरण के प्रति हम सभी के दायित्व को बताने वाला एक अवसर भी है। हम सभी प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में हम सब जितना अधिक रहते हैं, विभिन्न प्रकार के रोगों से लड़ने की उतनी बड़ी क्षमता हमारे पास रहती है। इस अवसर पर चन्द्रिका डड़सेना जिला उपाध्यक्ष भाजपा, संरपंच शांति सहारे, अशोक मरकाम, गीता लाल यादव, मनीराम सहारे,रेंजर बमबाडे टी.पी., ताराचंद, अर्जुन ठाकुर, महिला बाल विकास अधिकारी मरकाम मैडम सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## वार्डों में निर्धारित समय तक सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 4 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता निगम सभागृह में आहुत स्वास्थ्य विभाग की बैठक में सफाई दरोगा व वार्ड प्रभारियों से स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये एवं कहा कि सभी वार्डो में निगम के सफाई मित्र निर्धारित समय तक साफ सफाई करना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही बारिश को ध्यान में रखते हुये सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखेंगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि चुकि वर्तमान में ठेका वार्डो में सफाई ठेका निरस्त होने के कारण साफ सफाई प्रभावित हो रही है, उन वार्डो में भी निगम के सफाई मित्रों से सफाई कार्य कराया जाना है, जिसके लिये सभी वार्डो में सफाई मित्रों को बाट कर सफाई कराना है। उन्होंने कहा कि सभी सफाई दरोगा व वार्ड प्रभारी प्लानिग कर निर्धारित समय तक सभी वार्डो में सफाई करायेगे। शहर के प्रमुख मार्गो के अलावा, बाजार व व्यवसायिक क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना है। पार्षदों एवं नागरिकों की शिकायतों का यथासंभव निराकरण करना है।



# आईजी के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव,4 जून।** पुलिस महानिरीक्षक रेंज कार्यालय पुलिस कॉर्डिनेशन सेन्टर में अस्थाई रूप से चल रहा था अब उसी के बाजू में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का नवीन भवन का निर्माण हुआ है जिसका आज दिनांक 03.07.2024 को माननीय डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव भ्रमण के दौरान फीता काट कर पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगॉव रेंज के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। तत्पश्चात माननीय डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन रक्षित केन्द्र राजनांदगांव पहुंचकर पुलिस द्वारा खेलकूद का प्रशिक्षण एवं पुलिस, अर्धसैनिक बल एवं सेना में भर्ती हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से मिलकर उनका उत्सावर्धन किया गया। राजनांदगांव पुलिस के म.प्र.आर. संध्या पदम द्वारा वालीबाल प्रशिक्षण, आर. घनश्याम एक्का व कामता प्रसाद द्वारा ग्राम सुंदरा में युवाओं अग्निवीर व पुलिस भर्ती फिजिकल ट्रेनिंग, म.प्र.आर. अंजू सिंह द्वारा वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रक्षित



केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस द्वारा जन सहयोग से बच्चों के लिए खेलकूद की सामग्री जैसे तीर-कमान, फुटबॉल, व्हॉलीबाल, हॉकी आदि पूर्व में दिया गया था। जिसके फलस्वरूप 1-अजेन्द्र टांडेकर, 2-वनीता साहू, 3-हिरूराम साहू, 4-म.आर. अभिलाषा सिंह इन चारों ने 6वीं राष्ट्रीय मासटर नेशनल गेम तीरंदाजी प्रतियोगिता में 07 जून 2024 को गुजरात में गोल्ड मेडल जीते। इसके अलावा व्हालीबॉल एन.आई.ए. कोच महिला प्रधान आरक्षक संध्या पदम द्वारा बच्चों को व्हालीबॅल का प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे लाभ उठाकर बच्चे नेशनल स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। इस प्रकार रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में ओ.पी. मोहारा थाना डोंगरगढ़ एवं थाना डोंगरगांव में पुलिस, अर्धसैनिक बल एवं सेना में भर्ती हेतु बच्चों को फिजिकल परीक्षा की तैयारी, पश्नउत्तरी की कोचिंग देने का काम करती है साथ ही आवश्यकतानुसार पढ़ाई के लिए पुस्तक भी उपलब्ध कराती है। इस प्रकार राजनांदगांव पुलिस से खेलकूद एवं भर्ती हेतु प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर अर्धसैनिक बल एवं सेना के अग्निवीर में भी चयन हुआ है। माननीय डॉ. रमन सिंह द्वारा बच्चों से मिलकर उनका उत्सावर्धन किया और मेहनत कर देश के लिए मेडल लाने और उनकी उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, सी.ई.ओ. सुश्री सुरूचि सिंह, महापौर श्रीमती हेमा दुशमुख, बी.जे.पी. अध्यक्ष श्री रमेश पटेल, श्री खुबचंद पारख, श्री संतोष अग्रवाल, श्री नीलू शर्मा, श्री भावेश बैध, कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुलबीर छाबड़ा, नगर निगम कमीशनर श्री अभिषेक गुप्ता, जोइन्ट कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक पी.टी.एस. राजनांदगांव श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, तहसीलदार, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, श्री सचिन अग्रहरी, श्री जीतेन्द्र मिश्रा, अखिलेश खोबरागढ़े, बहादूर अली, अंजुमअलवी व अन्य गणमान्य नागरिकगण व पत्रकार बंधुगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को सुगमता से मिल रहा है खाद-बीज

**रायपुर, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश के किसानों को अब तक 7.72 लाख टन खाद और 6.69 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून की बौछारों के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। राज्य में अब तक 13.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 01 जुलाई 2024 की स्थिति में प्रदेश में अब तक 153 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो इसी अवधि की दस वर्षों की औसत वर्षा 182.3 मिमी से 29.3 मिमी कम है। गत वर्ष इसी अवधि में 169.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिमी है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ 2024 के लिए प्रदेश में 9.78 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 8.07 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 6.69 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो मांग का 68 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 13.68 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 12.12 लाख मेट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 7.72 लाख मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 56 प्रतिशत है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपनी सरकार के 06 माह पूर्ण होने के बाद कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश के किसानों को सुगमता से उनकी मांग के अनुरूप खाद-बीज सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। खाद-बीज वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटियों में पर्याप्त खाद-बीज का भण्डारण कर सतत निगरानी करने को कहा है।

## नगर निगम ने टोटी विहीन 24 सार्वजनिक नल कनेक्शन काटे

**राजनांदगांव 3 जुलाई।** निगम सीमाक्षेत्र के सभी वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये जल विभाग की टीम द्वारा अनावश्यक बहने वाले टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने जल विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डो में टोटी विहीन अनावश्यक बहने वाले नलो की जॉच कर काटने के निर्देश दिये थे। निर्देश के अनुक्रम में तीन दिनों में जल विभाग की टीम ने 24 नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही किये। निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने अपने वार्डो में अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जॉच कर जल विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे है, जिसके आधार पर जल विभाग की टीम द्वारा अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नलों को काटा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर के कई क्षेत्रों में लो प्रेशर के कारण कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही थी, साथ ही बिना टोटी के नल से पानी बहने के कारण भी पानी का प्रेशर कम आता है, जिससे घर के नलों में पर्याप्त पानी नहीं आ पाता। इन बातो को ध्यान में रखकर आयुक्त महोदय के निर्देश पर टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही की जा रही है। टोटी विहीन नल काटने का अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ किया गया और शिकायत के आधार पर वार्ड न. 40 में जॉच की गयी जहॉ के सार्वजनिक नलो से पानी बहते पाया गया। 1 जुलाई को नंदई कुँआ चौक, सतनामी पारा आदि क्षेत्रों में बिना टोटी के अनावश्यक बहते हुये 08 नल काटने की कार्यवाही की गयी और कल 2 जुलाई को सारथी पारा, चौखडिया पारा क्षेत्र से 09 नल तथा आज बासपाई पारा, सागर पारा क्षेत्र से 7 नल कनेक्शन काटा गया। इस प्रकार तीन दिनों में 24 अनावश्यक बहते हुये बिना टोटी के सार्वजनिक नल काटे गये। जॉच एवं शिकायत के आधार पर आगे भी बिना टोटी के नल काटने की कार्यवाही की जावेगी।



## पदयात्रा कर तीर्थ दर्शन से अतिशय लाभ होता है: आगम सागर

**डोंगरगढ़,4 जुलाई।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के शिष्य 108 मुनि श्री आगम सागर जी, 108 मुनि श्री पुनीत सागर महाराज जी एवं 105 एलक श्री धैर्य सागर जी महाराज जी कि भव्य मंगल अगवानी 02 जुलाई 2024 को गाजे - बाजे के साथ हुई जिसमे प्रतिभास्थली कि ब्रह्मचारिणी दीदियाँ, छात्रायें, हथकरघा कि महिलाये एवं चंद्रगिरी ट्रस्ट के पदाधिकारी गण एवं दुर्ग, डोंगरगांव और डोंगरगढ़ के बहुत से सामाजिक लोग उपस्थित हुए । 108 मुनि श्री आगम सागर जी ने कहा कि पुराने शास्त्रों में ऐसा पढ़ने में आता है कि शिखर जी कि इस टोंक कि वंदना मात्र से इतने - इतने करोड़ उपवास का फल मिलता है उसी प्रकार आचार्य श्री जी कि समाधी स्थल (निसिद्धिका) कि वंदना करने से पाप कटते हैं और जब पाप कटेंगे तो पुण्य बंध होगा ही और जब पुण्य बढेगा तो धन, समृद्धि में वृद्धि होना निश्चित है । हम लोग कुण्डलपुर से लगभग 450 किलोमीटर पद यात्रा कर यहाँ आचार्य श्री कि समाधी स्थल (निसिद्धिका) के दर्शनार्थ आये हैं । रास्ते में किसी भी साधू के पैर में न तो छाले पड़े, न छिले और न ही कोई तकलीफ आई । यह सब गुरु जी का ही आशीर्वाद है जिसके कारण हम यहाँ बिना किसी तकलीफ के आये हैं । एक बार एक व्यक्ति हमारे दर्शनार्थ आया फिर कुछ दिन बाद सपरिवार बार - बार आने लगा तो हमने उससे पूछा कि तुम क्या काम करते हो और बार - बार हमारे पास क्यों आते हो ? तो वह कहता है कि महाराज पिछ्ले बार आपके दर्शन करने आया था तो उसके बाद मेरा एक प्लाट मै जिस रेट में चाहता था उस रेट में बिका जिससे मुझे काफी फायदा हुआ और मेरे घर का खर्चा निकालने के बाद भी काफी पैसा बचा तो मै सपरिवार आपके दर्शनार्थ आया हूँ । आपके आशीर्वाद से मेरा व्यापार अच्छा चल रहा है और आपके दर्शन का भी लाभ मिल रहा है इसलिए मै जब भी समय मिलता है तो आपके दर्शनार्थ आ जाता हूँ । यदि आपकी दुकान न चले, कोई समस्या हो तो आचार्य श्री कि समाधी स्थल (निसिद्धिका) चले जाना आपकी सभी समस्या का हल हो जायेगा और आपकी मनोकामना भी पूर्ण हो जाएगी। उनके आस - पास जो देवता थे उनके जाने के बाद वे नहीं गए वे आज भी यहीं है और जो भी उनका भक्त उनकी समाधी स्थल (निसिद्धिका) के दर्शनार्थ आता है तो वे उनकी रक्षा करते हैं और उनकी सहायता और मनोकामना भी पूर्ण करने में अपना सहयोग देते हैं । गुरु जी ने कहा था कि तुम अच्छे से जियोगे तो तुम्हारे आस - पास के लोग भी समृद्ध होंगे । तुम जिसके लिये हाथ उठाकर आशीर्वाद दोगे तो तुम्हारी सेवा करने वाले देव आपके भक्तों कि मनोकामना पूर्ण कर देंगे । आपको चाहे तन का दुःख हो, मन का दुःख हो या धन का दुःख हो या आपके किसी पडोसी को कोई दुःख हो तो सच्चे मन से गुरु जी कि समाधी स्थल (निसिद्धिका) पैदल जाना उसका महत्त्व अतिशयकारी होता है । यदि आपके पैर में दर्द हो, कोई तकलीफ हो तो कोई बात नहीं 1 घंटे कि जगह 2 घंटे लगेंगे लेकिन पैदल जाना । सौभाग्य से डोंगरगढ़ से चंद्रगिरी लगभग 2 ढ़ किलोमीटर है जहाँ जाया जा सकता है । जिसका फल आपको अवश्य ही लाभकारी होगा । ÷इस जन्म में ना सही पर सबको मिलता है, अपने - अपने कर्मों का फल सबको मिलता है÷। समाधी स्थल (निसिद्धिका) में जाने से जिस प्रकार आचार्य श्री ने संलेखना धारण कर उत्कृष्ट समाधी ली है उसी प्रकार आपकी समाधी भी सफल होगी और 3 से 4 या । से 8 भव पश्चात सिद्ध हो जाओगे चंद्रगिरी में शाम के संबोधन में 108 मुनि श्री आगम सागर महाराज जी ने कहा कि 03/12/2012 को आचार्य श्री कि आज्ञा से यहाँ से हमारा विहार नागपुर के लिये हुआ था उसी दिन प्रतिभास्थली का भी शिलान्यास हुआ था। आज 2 जुलाई 2024 को पुनः आना हुआ है । सब कुछ है पर गुरु जी नहीं है ।



# नन्हें-मुन्नों से मिलकर मुग्ध हुए विधानसभा अध्यक्ष

**राजनांदगांव 4 जुलाई**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बरगा पहुंचकर स्कूल के बच्चों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हें बच्चों से मिलकर मुग्ध हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने नन्हें बच्चों को गोदी में लेकर दुलार किया तथा उनके अभिभावकों को बच्चों को पौष्टिक आहार देने की समझाईश दी। उन्होंने जिले में संचालित पोट्ठ लईका पहल के संबंध में जानकारी ली तथा सुपोषित बच्चों की माताओं को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे आहार के संबंध में माताओं से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को वजन बढ़ाने के लिए जागरूकता के साथ कार्य करें तथा गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन दें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए जिले में संचालित पोट्ठ लईका पहल के संबंध में जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले को एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्राथमिक



शाला बरगा में संपर्क डिवाईस के माध्यम से अध्ययन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट टीवी के माध्यम से संपर्क डिवाईस में निहित कविताओं एवं अन्य अध्ययन सामग्री से बच्चे शीघ्रता से सीखते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों के साथ मिलकर भारत माता की जय, वन्देमातरम् का उद्घोष किया और उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, श्री सचिन बघेल, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री अशोक देवांगन, श्री सुर्यकांत भंडारी, श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी, श्रीमती पुष्पा गायकवाड़, श्री कुमार सोनवानी, श्री लीलाधर साहू, श्री रोहित चंद्राकर, अन्य जनप्रतिनिधि, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पचांयत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे, अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर निडेली में स्थानीय जनता के लिए सुविधा और जागरूकता कैम्प

### ग्राम के युवाओं को ट्रैक पैंट वितरित किए गए



**मोहला,4 जुलाई**

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सिमा के नवागाँव, औंधी के गढ़चिरौली और कांकेर ज़िले से लगे सुदूर दक्षिण के जंगलों में बसे अंतिम गाँव- निडेली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 27वीं बटालियन द्वारा एक मेडिकल और पशु चिकित्सा कैम्प आयोजित किया गया ढ़ मौके पर गाँव के युवक और युवतियों को ट्रैक पैंट का वितरण भी किया गया ढ़ 27वीं बटालियन आईटीबीपी के कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों और गाँव के युवाओं को शिक्षा और उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया ढ़ कमांडेंट ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य और गाँव में साफ़ सफ़ाई के विषय में चर्चा की एवं लोगों को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के विषय में भी लोगों को साथ मिलकर काम करने हेतु आह्वान भी किया । इस मौक़े पर विभिन्न जन कल्याणकारी केंद्रीय और राज्य सरकार की योजनाओं के विषय में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कैम्प में आइटीबीपी के डॉक्टर वीरेंद्र द्वारा गाँव के बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों की निःशुल्क चिकित्सा जाँच कर उन्हें दवाइयाँ प्रदान की गईं ढ़ साथ ही, पशु चिकित्सा अधिकारियों- डॉक्टर मनोरंजन और डॉक्टर ब्रजेश ने ग्रामीणों के पशुओं की चिकित्सा जाँच की, आवश्यकतानुसार, जानवरों को टीके लगाए गए और पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दवाइयों आदि का वितरण किया गया।कैम्प में युवक युवतियों को ट्रैक पैंट का भी वितरण किया गया । यह पहली बार है जब निडेली गाँव में इस प्रकार का कोई जनता के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम सह सहायता जागरूकता कैम्प आयोजित किया गया है ढ़ इस अवसर पर, ग्राम पटेल हरसिंग बैगा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, औरतें, युवा और बच्चे उपस्थित रहे।

### कोल इंडिया के विभागीय चिकित्सालयों में दवाओं का अभाव

**कोरबा, 4 जुलाई।** कोल इंडिया के विभागीय चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाएं (मेडिसिन) उपलब्ध नहीं होने की वजह से बाहर से कर्मियों को बाहर से खरीदना पड़ रहा है। इसका रिंबर्समेंट पूर्ण रूप से भुगतान नहीं किए जाने कर्मचारियों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) समेत कोल इंडिया लिमिट्रेड से संबद्ध कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए विभागीय तौर पर अस्पताल बनाया गया है। इन अस्पतालों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की जिम्मेदारी प्रबंधन की है.

## संपादकीय

# अब राहुल गांधी यूं ही कुछ नहीं कहते हैं...

राजनीति में कोई भी बात यूं ही नहीं कही जाती है। राजनीति में जब भी कुछ कहा जाता है तो उसका कोई मकसद होता है किसी को संदेश देना होता है, किसी को बताना होता है कि देखो हन तुम्हारे बारे में क्या सोचते है। राहुल गांधी ने संसद मे नेता प्रतिपक्ष के रूप मे अपने पहले भाषण में जो कुछ कहा है वह यूं ही नहीं कह दिया है। खूब सोचसमझ कर कहा है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में वह एक दिन कुर्ता पहनकर आए जरूर लेकिन जल्द ही वह अपने चर्तित टी शर्ट में आकर यह संकेत दे दिया था वह संसद के भीतर भी वही राहुल गांधी रहेंगे जिसे देश की जनता ने चुनाव के वक्त देखा है?। जिसे पसंद किया है। जिसे गंभीरता से लिया है। हो सकता हो यह सच न हो राहुल गांधी के आसपास के लोगों ने उनको समझा दिया हो कि इस रूप में देश की जनता आपको बहुंत पसंद करती है। यही वजह है कि संसद में भी देश ने उसी राहुल को देखा जिसे सभा व सड़कों मे देखा है। राहुल की भाषा यदि संसद में भी सड़क की लग रही है तो वह सही समझ रहा है क्योंकि राहुल गांधी को संसद से कोई खास मतलब नहीं है, संसद की गरिमा, नियम, परंपरा से कोई खास मतलब नहीं है। उन्हें तो समझाने वालों ने समझा दिया है कि नेता प्रतिपक्ष मतलब है कि संसद में आप मोदी व भाजपा के खिलाफ कुछ भी बोल सकते हो। संसद में यही किया है राहुल गाधी ने वह एक बात जानते हैं कि संसद में उन्हें जनता को संदंश देने का मौका मिल रहा है और वह देश की जनता से जो कुछ कहना चाहते हैं, खुलकर कह रहे हैं। उनका संदेश जनता तक सीधे जा रहा है। बाद मे भले ही उनके कही कुछ बातों को संसद की कार्रवाई से हटा दिया जाए कि उन्होंने जो कुछ कहा उसका प्रमाण नहीं दिया। इसे राहुल गांधी, कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता है। दिखावे के तौर पर वह नाराजगी जाहिर कर सकती है लेकिन संसद में राहुल गांधी को जो कुछ कहना था, वह तो कहने में सफल रहे हैं। वह कहना चाहते थे कि खुद को हिंदू कहने वाले हिंसक होते हैं, वह झूठ बोलते हैं, वह नफरत फैलाते हैं। ऐसा नहीं ही कि उन्होंने यह कोई अनजाने में कह दिया। बाद में उन्होंने संशोधन किया कि उनका कहने का मतलब है कि भाजपा हिंदू है, आरएसएस ही हिंदू नहीं है, भाजपा हिंसा व नफरत की बात करता है, आरएसएस हिंसा व नफरत की बात करता है। हकीकत में राहुल गांधी जो कहना चाहते थे, वही कहा है।जो सड़क पर पिछले दस साल से कहते आ रहे हैं वही कहा है। हमेशा की तरह कांग्रेस नेता सफाई देते रहे कि राहुल गांधी के कहने का मतलब यह नहीं था जो देश के लोग समझ रहे हैं। वह तो भाजपा व आरएसएस के बारे में कहना चाह रहे थे। हमेशा राहुल गाधी यूं ही कुछ नहीं कहते हैं. वह अब सब सोचसमझ कर कहते हैं। जब उन्होंने हिंदू को हिंसक कहा तो उन्होंने एक संदेश तो उन हिंदुओं को दिया जा भाजपा को वोट नहीं देते हैं, जो सेकुलर हिंदू है। जो निर्बल हिंदू हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलने वाले हिंदू वोट घटा है और कांग्रेस का बढ़ा है वह उसे और बढ़ाने हैं ताकि कांग्रेस की सीट संख्या और बढ़ सके। दूसरा उनका संदेश उनके खास वोटबैंक के लिए था क्योंकि वह जानते हैं कि हिदुओं का आलोचना करने पर उनका वोट बैंक खुश होता है।संसद में भाजपा की आड़ में हिंदुओं की आलोचना कर अपने वोट बैंक को राहुलगांधी ने खुश किया ताकि उसका बड़ा हिस्सा अगले चुनावों में उसे मिले।अपनी पार्टी व चुनाव चिन्ह को उन्होंने देश की सबसे बेहतर पार्टी व चुनाव चिनहे बताया। भले ही लोगों को यह हास्यास्पद लगे लेकिन उन्होंने कोशिश तो की। मौका मिला तो उन्होंने लोकसभा स्पीकर को भी नहीं छोड़ा, उन्होंने यह नहीं कहा कि मेरे सामने नहीं झुके तो कोई गलत बात हो गई। आप लोकसभा के स्पीकर हो, आपको पीएम मोदी के सामने नहीं झुकना चाहिए। सीधे नही कह सकते थे कि लोकसभा स्पीकर पीएम मोदी से दबते है, इसलिए राहुल गांधी ने इशारो में कह दिया कि उनको स्पीकर का पीएम मदी के सामने झुकना अच्छा नहीं लगा। कई बातें संसद में राहुल गांधी ने बिना प्रमाण के कह दी। वह बाते बाद में निकाल दी जोएगी लेकिन वह देश को जो बताना चाहते थे, बताने में सफल रहे हैं। चुनाव में वह देख चुके है कि जनता को भरोसा होना चाहिए कि सरकार कुछ गलत कर सकती है तो जनता विपक्ष के साथ देती है। राहुल गांधी चुनाव में समझ गए हैं कि झूठ का उपयोग भी करके कई तरह के राजनीतिक फायदे होते हैं। राहुल गांधी के रणनीतिकारों ने राहुल गांधी को समझा दिया है कि आक्रामक टीशर्ट वाले राहुल गाधी को ही देश की जनता पसंद करती है, यही वजह है कि राहुल गांधी संसद में अपने उसी अवतार में दिखे हैं और उसी तरह बाते कीही जैसी वह संसद के बाहर करते रहे हैं।

समसामयिक

प्रियंका सौरभ

# बाबाओं के मायाजाल में फंसती भीड़



पिछले कुछ दशकों से उभरने वाले किस्म-किस्म के बाबाओं ने राष्ट्र के मुख पर कालिख पोतने का का किया है। अपनी अनुयायी स्त्रियों के शारीरिक शोषण, हत्या-अपहरण से लेकर अन्य जघन्य अपराध करने वाले बाबाओं का प्रभाव इस कदर बढ़ता जा रहा है कि आज जनता को तो छोड़िये, सदिच्छाओं वाले राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, बुद्धिजीवी इत्यादि वर्ग भी उनसे घबराने लगा है। आखिर इन बाबाओं के महाजाल का समाजशास्त्र क्या है? इसी तरह सवाल यह भी है कि इनके पीछे जनता के भागने का क्या अथर्शास्त्र और मनोविज्ञान है? आजकल विभिन्न सामाजिक वर्गों में अलग-अलग किस्म के अंधविश्वास प्रचलित हैं। इतने जागरूकता अभियानों के बावजूद आज भी आपको गांव-कस्बों में भूत-प्रेत के किस्से सुनने को मिल जाएंगे। वहीं हायर क्लास के अंधविश्वास अलग हैं। इस क्लास में भी असुरक्षा की भावना कम नहीं है। इस वर्ग के लोग यूं तो अत्याधुनिक होने का दावा करते हैं, लेकिन इसके बावजूद वे एयरकंडिशंड आश्रमों वाले गुरुओं के यहां लाखों का चढावा चढाने से लेकर अपनी सफलता/असफलता की वजह लकी चार्म को मानने से भी गुरेज नहीं करते। ऐसी मान्यताएं भारत ही नहीं बल्कि विश्व के सभी देशों में पाई जाती हैं। सवाल यह उठता है कि समाज में अतार्किक विचारधारा वाले इतने अधिक लोग कहां से आ गए? जवाब है, वह परवरिश और माहौल जो हम अपने बच्चों को देते हैं। शिक्षा व्यवस्था के तहत बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उतने प्रयास नहीं हो रहे जितने होने चाहिए। संयुक्त परिवारों का टूटना और नई जीवन शैली का एकाकीपन, यांत्रिकता, तनाव आदि से पिछले रसायन ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी जहां हर व्यक्ति परेशान और बेचैन हो चला है। इन्हीं सामाजिक-मनोवैज्ञनिक स्थितियों के बीच लोग जाने-अनजाने ऐसे बाबाओं की ओर उन्मुख होने लगते हैं जो लोगों को हर दुःख-तनाव से छुटकारा दिलाने का दावा करते हैं। लोगों में वहम पैदाकर फायदा उठाने की कला बाजार ने भी सीख ली है। यही वजह है कि बाजार के जन्म दिए हुए बहुत सारे त्योहार आज परंपरा के नाम पर कुछ दूसरा ही रूप ले चुके हैं। किसी त्योहार पर गहने खरीदने का प्रचलन है तो किसी पर महंगे जानवरों की कुर्बानी देने का। साधारण से रिवाज आज पूरी तरह आर्थिक रंग में रंग चुके हैं। लोग भी इन्हें मानते रहते हैं बिना यह महसूस किए कि इससे नुकसान उन्हीं का हो रहा है। छोटे शहरों में आज भी पाखंडी बाबाओं और फकीरों का भी जाल फैला हुआ है जिनकी नेमप्लेट अकसर इनके मल्टीटैलेंटेड( ?) होने का आभास कराती है। ये अकसर खुद को ट्रैवल एजेंट (विदेश यात्रा करवाने का दावा), फाइनेंशियल एक्सपर्ट(फंसा हुआ धन निकलवाने का दावा), रिलेशनशिप एक्सपर्ट (प्रेम विवाह करवाने का, सौतन से छुटकारा दिलाने का दावा) और मेडिकल एक्सपर्ट (एड्स, कैंसर जैसी बीमारियां ठीक करने का दावा) आदि बताते हैं। कई लोग इनके झांसे में आ भी जाते हैं और इनका बैंक बैलेंस बढाते हैं। देश में राजसत्ता-तंत्र अपने सामाजिक-आर्थिक दायित्व निभाने में अपेक्षाकृत पीछे ही रहा। दूसरी ओर इन बाबाओं द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित कार्य किए जाने लगे। इसके साथ ही भूखों को भोजन से लेकर अन्य सामाजिक कामों में हिस्सेदारी की जाने लगी। इस क्रम में उनकी ओर से समानता का भाव स्थापित करने भी का काम किया जाने लगा। धीरे-धीरे वे लोगों के विवाद-झगड़ों का निपटारा भी करने लगे। वे ऐसे काम भी करने लगे जो राज्यसत्ता यानी शासन के हिस्से में आते थे। ऐसे कामों से उनकी लोकप्रियता बढ़ी। उनके कल्याणकारी कामों के तिलिस्म में न केवल गरीब-अभावग्रस्त और कम पढ़ी-लिखी जनता फंसी, बल्कि उनका जादू अपेक्षाकृत संपन्न और शिक्षित लोगों पर भी चला, जो जीवन की विविध जटिलताओं, सामाजिक-मानसिक समस्याओं में उलझे हुए हैं। इस तरह ये अपने अनुयायी बढ़ाकर सामाजिक वैधता हासिल करते हैं और फिर उसके बल पर राजनीतिक संरक्षण हासिल करने में समर्थ हो जाते हैं। बाबाओं को राजनीतिक संरक्षण देने के लिए कोई भी राजनीतिक दल पाक-साफ नहीं है। माना जाता है कि राजनीतिक पार्टियां अपना काला धन

> आजकल विभिन्न सामाजिक वर्गों में अलग-अलग किस्म के अंधविश्वास प्रचलित हैं। इतने जागरूकता अभियानों के बावजूद आज भी आपको गांव-कस्बों में भूत-प्रेत के किस्से सुनने को मिल जाएंगे। वहीं हायर क्लास के अंधविश्वास अलग हैं। इस क्लास में भी असुरक्षा की भावना कम नहीं है। इस वर्ग के लोग यूं तो अत्याधुनिक होने का दावा करते हैं, लेकिन इसके बावजूद वे एयरकंडिशंड आश्रमों वाले गुरुओं के यहां लाखों का चढावा चढाने से लेकर अपनी सफलता/असफलता की वजह लकी चार्म को मानने से भी गुरेज नहीं करते। समाज में अतार्किक विचारधारा वाले इतने अधिक लोग कहां से आ गए? जवाब है, वह परवरिश और माहौल जो हम अपने बच्चों को देते हैं। शिक्षा व्यवस्था के तहत बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उतने प्रयास नहीं हो रहे जितने होने चाहिए। संयुक्त परिवारों का टूटना और नई जीवन शैली का एकाकीपन, यांत्रिकता, तनाव आदि से पिछले रसायन ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी जहां हर व्यक्ति परेशान और बेचैन हो चला है। इन्हीं सामाजिक-मनोवैज्ञनिक स्थितियों के बीच लोग जाने-अनजाने ऐसे बाबाओं की ओर उन्मुख होने लगते हैं जो लोगों को हर दुःख-तनाव से छुटकारा दिलाने का दावा करते हैं।



खपाने-छिपाने के लिए भी बाबा लोगों का इस्तोल करती हैं। चूंकि बाबाओं के पास अनुयायियों की अच्छी-खासी संख्या होती है इसलिए राजनीतिक दलों के लिए वे वोट बैंक का भी का करते हैं। किसी बात पर आंख मूंदकर विश्वास करने की प्रवृत्ति आज की स्माटफोन जेनरेशन से किस कदर तकर्हीन काम करा सकती है। इस वर्ग के लोग आंखें मूंदकर दूसरों का अनुसरण करते है और अपने विवेक का इस्तेमाल कर-के निर्णय नहीं ले रहे हैं। वे किसी काम को सिर्फ इसलिए करते हैं, क्योंकि वह सालों से होता आ रहा है, या उसे बहुत सारे लोग कर रहे हैं, और कभी नहीं सोचते कि उसकी उपयोगिता क्या है। दूसरे शब्दों में कहें, तो ऐसे लोग सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक और भावनात्मक अंधविश्वासों में जकड़े होते हैं। इन लोगों का आइक्यू बेहद कम होता है और इन्हें बेहद आसानी से प्रभावित किया जा सकता है। ये रैशनली नहीं सोचते, पर इमोशनली बेहद चार्ज्ड होते हैं। इनके दिल में आसानी से किसी चीज के लिए लगाव या नफरत पैदा की जा सकती है और ऐसा होने पर ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। आंख मूंद कर किया गया विश्वास न सिर्फ इनके लिए बल्कि दूसरों के लिए भी घातक साबित होता है। कबीर की शिक्षाओं का निचोड यही है कि हर तथ्य पर सवाल उठाएं। जब तक खुद उसे परख न लें, तब तक उस पर विश्वास न करें। दार्शनिक प्लूटो ने भी यही कहा है कि शासक हमेशा अनबायस्ड व्यक्ति को ही होना चाहिए। आज बहुत सारे लोगों में भीड का अनुसरण करने की मानसिकता है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी सामाजिक समारोह में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें। समय अनुसार अपने व्यवहार में भी परिवर्तन लाना जरूरी है। कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस रखना जरूरी है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग सरकारी जॉब हैं उन लोगों को कोई बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। आज बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको फायदा हो सकता है। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज सेहत के मामले में सब बेहतर रहेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। स्टूडेंट अपना कीमती समय सोशल मीडिया में खराब न करें, अपनी मेहनत जारी रखेंगे तो सफलता जल्द ही मिलेगी। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। आज लवमेट से उपहार मिलेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन समाप्त होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से आपके नए दोस्त बन सकते हैं। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिलेगा, आपके अन्दर नया उत्साह देखने को मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, आज उनके लिए दिन अच्छा साबित हो सकता है। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे, साथ ही कुछ मीठा खाने की डिमांड माता से कर सकते हैं।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। और महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था के कार्यों में अपना सहयोग देंगे। आज किसी भी कार्य को अधूरा ना छोड़े। आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से खुद को दूर ही रखें। आज बिजनेस में इनकम बढ़ाने के लिए किए प्रयोग फायदेमंद होंगे। आपका अपने काम के प्रति मेहनत के बेहतरीन रिजल्ट मिलेंगे। आज जीवनसाथी का सहयोग आपके लिए बहुत ही सुकून दायक रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज कोई भी फैसला लेते वक्त किसी अनुभवी व्यक्ति मार्गदर्शन अवश्य ले। आज कारोबार में ऑर्डर पूरा करते समय उलझनें आ सकती हैं, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम पूरा हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। आज अपनी कीमती चीजों को संभालकर रखें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है। मीडिया या फोन द्वारा आपको बड़ा ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। इसलिए अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में ध्यान लगाएंगे। आज ऑफिस में व्यवस्थित माहौल रहेगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा और सेवा संबंधी कार्यों में योगदान भी रहेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन पर कार्य करें, सफलता जरुर मिलेगी। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी से उलझे। नौकरी में कार्यभार की अधिकता के कारण आपको ओवरटाइम भी करना पड़ेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। आज कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेगी। आज ऑफिस में प्रमोशन को लेकर कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज अचानक धन होगा। घर का वातावरण सुखद और सौहार्दपूर्ण बना रहेगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी, सफलता मिलने की खुशी में आप पार्टी करेंगे। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

## सेहत

# कई उत्पादों का विकल्प हो सकता है फेस प्राइमर, जानिए इसके विभिन्न इस्तेमाल

फेस प्राइमर एक मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल मेकअप बेस के लिए किया जाता है।यह चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने और त्वचा को हाइड्रेट करने में भी काफी मदद कर सकते हैं। हालांकि, मेकअप के अलावा यह कई अन्य



उत्पादों का विकल्प बन सकता है।आइए जानते हैं कि फेस प्राइमर का इस्तेमाल किन-किन उत्पादों की जगह किया जा सकता है।

**आईशैडो को करता है गहरा** -आप चाहें तो फेस प्राइमर का इस्तेमाल आईशैडो को गहरा करने के लिए कर सकते हैं।इसके लिए आईशैडो ब्रश पर थोड़ा फेस प्राइमर लगाएं, फिर इससे अपना पसंदीदा आईशैडो लें। ध्यान रखें कि ब्रश पर प्राइमर बहुत अधिक नहीं लगाना है क्योंकि इससे आईशैडो आंखों से नीचे गिरने लगेगा।इसके बाद आईशैडो को बंद आंखों पर लगाएं।यहां जानिए बाजार में मौजूद विभिन्न आईशैडो और उनके इस्तेमाल का तरीका।

**लिपबाम की तरह लगाएं** - रूखेपन के कारण होंठ फटते हैं और अगर वक्त रहते इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो कई बार होंठ इतने फट जाते हैं कि उनसे खून तक निकलने लगता है।इस समस्या से सुरक्षित रहने के लिए रोजाना होंठों पर लिपबाम लगाएं।अगर आपके पास लिपबाम नहीं है तो आप उसकी जगह फेस प्राइमर को बतौर लिपबाम इस्तेमाल कर सकती हैं।इसके बाद होंठों पर लिपस्टिक लगाने पर काफी अच्छा लुक आता है।

**शेविंग क्रीम के तौर पर करें इस्तेमाल**-अगर आप शेविंग क्रीम खत्म होने पर साबुन का इस्तेमाल करने लगते हैं तो इससे त्वचा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।साबुन की जगह फेस प्राइमर का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे त्वचा मॉइश्चराइज होती है। इसके अलावा इसकी मदद से ब्लेड से त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता।लाभ के लिए शेविंग करते समय फेस प्राइमर को अपनी दाढ़ी वाले हिस्से पर लगाएं, फिर रेजर से अनचाहे बालों को साफ करें।

**सूखे फाउंडेशन को कर सकता है ठीक**-अगर आपके पास लिक्विड फाउंडेशन है और उसका इस्तेमाल रोजाना करने से वह सूख गया है तो इसे ठीक करने के लिए भी आप फेस प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए फाउंडेशन की बोतल में फेस प्राइमर की 8-10 बूंदें डालें और इसे अच्छे से हिलाएं।इस तरह से फाउंडेशन पहले जैसा हो जाएगा और काम भी ज्यादा अच्छे तरीके से करेगा।यहां जानिए हल्के शेड के फाउंडेशन को ठीक करने के प्रभावी तरीके।

**मेकअप साफ करने के आ सकता है काम**-सोने से पहले अगर मेकअप साफ न किया जाए तो इससे त्वचा का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।अगर आपके पास मेकअप रिमूवर नहीं है तो आप मेकअप हटाने के लिए फेस प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए मेकअप वाले चेहरे पर थोड़ा-सा फेस प्राइमर लगाकर थोड़ी मसाज करें।

राजनीति

संजय सक्सेना,लखनऊ

# धर्मनिरपेक्ष भारत को यूसीसी से नहीं शरिया से चलाने की जिद्द



मोदी सरकार द्वारा पहली जुलाई से देश में भारतीय न्याय संहिता लागू किये जाने के बाद अब समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) का मुद्दा गरमाने लगा है, जिस तरह से मोदी सरकार के मंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यूसीसी के पक्ष में बयानबाजी कर रहा हैं उससे यूसीसी विरोधियों के भी सुर मुखर होने लगे हैं। सुन्नी पर्सनल लॉ बोर्ड तो पहले से ही यूसीसी का विरोध कर रहा था, अब शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएसपीएलबी) की राष्ट्रीय कायर्कारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समान नागरिक संहिता उन्हें किसी दशा में स्वीकार नहीं है। उनकी कौम देश के कानून से नहीं चलेगी, बल्कि शरीयत कानून को ही मानेगी। बोर्ड ने धमकी वाले अंदाज में कहा है कि मोदी सरकार यूसीसी बनाने की प्रक्रिया को रोक दे। इसके साथ ही बोर्ड की तरफ से चेतावनी भी दी गई कि यदि मोदी सरकार ने हमारा अनुरोध नहीं माना तो मोहर्रम के बाद आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। बोर्ड के यह तेवर तब हैं जबकि भारतीय संविधान से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सभी नागरिकों के लिये समान कानून की बात लम्बे समय से कहता रहा है।अलग-अलग मौकों पर देश की तमाम अदालतें सरकार से यूसीसी लागू करने के लिये कानून बनाने की बात भी कह चुकी हैं। वैसे भी एक धर्मनिरपेक्ष देश में सबके लिये एक जैसे कानून में कोई बुराई नजर नहीं आती है।

गौरतलब है कि हाल के वर्षों में समान नागरिक संहिता पर सियासी और समाजिक दोनों ही स्तरों पर ही माहौल गर्म रहा है। एक ओर जहाँ देश की बहुसंख्यक आबादी समान नागरिक संहिता को लागू करने की पूरजोर मांग उठाती रही है, वहीं अल्पसंख्यक वर्ग इसका विरोध करता रहा है।इसी के मद्देनजर इस मुद्दे पर हर चुनाव में खूब राजनीति होती रही है, वहीं चुनाव बाद इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है,लेकिन लगता है कि अब मोदी सरकार इस पर बड़ा निर्णय लेने का मन बना चुकी है।यूसीसी से सबसे अधिक फायदा महिलाओं को होगा। क्योंकि आज भी किसी भी समाज और कौम में महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार मिलना रेगिस्तान में नख्लिस्तान से कम नहीं है, लेकिन यूसीसी लागू होने से महिलाओं के सामने कदम-कदम पर आने वाली चुनौतियाँ का ग्राफ थोड़ा कम हो सकता हैं। मगर चिंता की बात यह है कि एक तरफ जहाँ अल्पसंख्यक समुदाय नागरिक संहिता को अनुच्छेद 25 का हनन मानते हैं, वहीं इसके झंडाबरदार समान नागरिक संहिता की कमी को अनुच्छेद 14 का अपमान बता रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सांस्कृतिक विविधता से इस हद तक समझौता किया जा सकता है कि समानता के प्रति हमारा आग्रह क्षेत्रीय अखंडता के लिए ही खतरा बन जाए? क्या एक एकीकृत राष्ट्र को ह्यसमानताह्न की इतनी जरूरत है कि हम विविधता की खूबसूरती की परवाह ही न करें ?इसका जबाव हां में है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि देश का संविधान देशवासियों को कुल मौलिक अधिकार प्रदान करता है,जिसमें भाषा और विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता का अधिकार, जमा होने संघ या यूनियन बनाने, आने-जाने, निवास करने और कोई भी जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करने की स्वतंत्रता का अधिकार (इनमें से कुछ अधिकार राज्य की सुरक्षा, विदेशी देशों के साथ भिन्नता पूर्ण संबंध सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता और नैतिकता के अधीन दिए जाते हैं)। बोलने,खाने पीने और अपने विचार व्यक्त करने की हमें आजादी है,लेकिन इसी आजादी का जब लोग गलत फायदा उठाने लगते हैं तो देश की संप्रभुता पर खतरा मंडराने लगता है।उस समय जनता को अधिकार के साथ उनकी जिम्मेदारी से भी अवगत कराया जाता है। समान नागरिक संहिता इसी क्रम की एक कड़ी मात्र है। सवाल उठता है कि अगर हम सदियों से अनेकता में एकता का नारा लगाते आ रहे हैं तो, कानून में भी एकरुपता से आपत्ति क्यों? क्या एक संविधान वाले इस देश में लोगों के निजी मामलों में भी एक कानून नहीं होना चाहिए ?अगर अब तक समान नागरिक संहिता को लागू करने की कोशिश संजीदगी से नहीं हुई है तो, इसके पीछे अल्पसंख्यक वोट बैंक की सियासत तो नहीं है? बता दें कि संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की चर्चा की गई है। राज्य के नीति-निर्देशक तत्त्व से संबंधित इस अनुच्छेद में कहा गया है कि ह्यराज्य, भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। समान नागरिक संहिता में किसी के रीति-रिवाज पर तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन शादी, तलाक तथा जमीन-जायदाद के बँटवारे आदि में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होता है। अभी देश में जो स्थिति है उसमें सभी धर्मों के लिए अलग-अलग नियम हैं। संपत्ति, विवाह और तलाक के नियम हिंदुओं, मुस्लिमों और ईसाइयों के लिए अलग-अलग हैं।इस समय देश में कई धर्म के लोग विवाह, संपत्ति और गोद लेने आदि में अपने पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय का अपना-अपना पर्सनल लॉ है जबकि हिंदू सिविल लॉ के तहत हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध आते हैं।

गौरतलब हो संविधान निर्माण के बाद से ही समान नागरिक संहिता को लागू करने की मांग उठती रही है। लेकिन, जितनी बार मांग उठी है उतनी ही बार इसका विरोध भी हुआ है। समान नागरिक संहिता के हिमायती यह मानते हैं कि भारतीय संविधान में नागरिकों को कुछ मूलभूत अधिकार दिए गए हैं। अनुच्छेद 14 के तहत कानून के समक्ष समानता का अधिकार, अनुच्छेद 15 में धर्म, जाति, लिंग आदि के आधार पर किसी भी नागरिक से भेदभाव करने की मनाही और अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और निजता के संरक्षण का अधिकार लोगों को दिया गया है। लेकिन, महिलाओं के मामले में इन अधिकारों का लगातार हनन होता रहा है। बात चाहे तीन तलाक की हो, मंदिर में प्रवेश को लेकर हो, शादी-विवाह की हो या महिलाओं की आजादी को लेकर हो, कई मामलों में महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। इससे न केवल लैंगिक समानता को खतरा है बल्कि, सामाजिक समानता भी सवालों के घेरे में है। जाहिर है, ये सारी प्रणालियाँ संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। लिहाजा, समान नागरिक संहिता के झंडाबरदार इसे संविधान का उल्लंघन बता रहे हैं।

दूसरी तरफ, अल्पसंख्यक समुदाय विशेषकर मुस्लिम समाज समान नागरिक संहिता का जबरदस्त विरोध कर रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 25 का हवाला देते हुए कहा जाता है कि संविधान ने देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया है। इसलिये, सभी पर समान कानून थोपना संविधान के साथ खिलवाड़ करने जैसा होगा। मुस्लिमों के मुताबिक उनके निजी कानून उनकी धार्मिक आस्था पर आधारित हैं इसलिये समान नागरिक संहिता लागू कर उनके धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न किया जाए। दरअसल, समान नागरिक संहिता को लागू करने की पूरजोर मांग उठने के बाद भी इसे अब तक लागू नहीं किया जा सका है। कई मौके ऐसे आए जब माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता लागू न करने पर नाखुशी जताई है। 1985 में शाह बानो केस और 1995 में सरला मुदगल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा समान नागरिक संहिता पर टिप्पणी से भी इस मुद्दे ने जोर पकड़ा था, जबकि पिछले वर्ष ही तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद भी इस मुद्दे को हवा मिली। लेकिन, सवाल है कि इस मसले पर अब तक कोई ठोस पहल क्यों नहीं हो सकी है? दरअसल, भारत का एक बहुल संस्कृति वाला देश होना इस रास्ते में बड़ी चुनौती है। हिंदू धर्म में विवाह को जहाँ एक संस्कार माना जाता है, वहीं इस्लाम में इसे एक अनुबंध माना जाता है। ईसाइयों और पारसियों के रीति- रिवाज भी अलग-अलग हैं।

मौजूदा वक्त में गोवा और उत्तराखंड दो ऐसे राज्य है जहाँ समान नागरिक संहिता लागू है। जाहिर है, इसके लिए काफी प्रयास किए गए होंगे। इसलिए यह कहना गलक नहीं होगा कि दूसरे राज्यों में भी अगर कोशिश की जाती है तो, इसे लागू करना मुमकिन हो सकता है।दूसरी ओर वोटबैंक की राजनीति भी इस मुद्दे पर संजीदगी से पहल न होने की एक बड़ी वजह है। एक दल जहाँ समान नागरिक संहिता को अपना एजेंडा बताता रहा है, वहीं दूसरी पार्टियाँ इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ सरकार की राजनीति बताती रही हैं। जाहिर है, एक दल को अगर वोट बैंक के खिसक जाने का डर है तो, दूसरे को वोट बैंक में सेंध लगाने की फिक्र है। दरअसल, सियासी दलों का यह डर पुराना है।

बता दें यूसीसी की तरह ही 1948 में जब हिन्दू कोड बिल संविधान सभा में लाया गया, तब देश भर में इस बिल का जबरदस्त विरोध हुआ था। बिल को हिन्दू संस्कृति तथा धर्म पर हमला करार दिया गया था।सरकार इस कदर दबाव में आ गई कि तत्कालीन कानून मंत्री भीमराव अंबेडकर को पद से इस्तीफा देना पड़ा। यही कारण है कि कोई भी राजनीतिक दल समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर जोखिम नहीं लेना चाहता। हमें समझना होगा कि जब हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होगा तो, देश के सियासी दल वोट बैंक वाली सियासत भी नहीं कर सकेंगे और भावनाओं को भड़का कर वोट मांगने की रिवायत पर भी लगाम लग सकेगा। हमें यह भी समझना होगा कि अगर राजा राममोहन राय सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठा सके और उसका उन्मूलन करने में कामयाब हो सके तो, सिर्फ इसलिये कि उन्हें अपने धर्म के भीतर की कुरीतियों की फिक्र थी। लिहाजा, धर्म के रहनुमाओं को ईमानदारी से पहल करने की जरूरत है। हमें यह भी समझना होगा कि भारत जैसे देश में संस्कृति की बहुलता होने से न केवल निजी कानूनों में बल्कि रहन-सहन से लेकर खान-पान तक में विविधता देखी जाती है और यही इस देश की खूबसूरती भी है। ऐसे में जरूरी है कि देश को समान कानून में पिरोने की पहल अधिकतम सर्वसम्मति की राह अपना कर की जाए।

एक नजर

### सक्रिय युवा संगठन ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान



**महासमुंद,4 जुलाई।** नांदगांव के सक्रिय युवा संगठन ने बुधवार को प्राथमिक शाला नांदगांव में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजनं किया गया। इस अवसर सत्र 2023-24 में कक्षा 1 से लेकर 5 तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का पेन, कॉपी, पहाड़ा देकर सम्मान के साथ शाला के शिक्षकों के भी श्रीफल और पेन देकर संगठन के सदस्यों ने सम्मान किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख श्रीमती शीला चंद्राकर द्वारा इस अवसर पर की सराहना करते हुए युवा संगठन का आभार जताया। समारोह का संबोधित करते हुए श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि छात्र-छात्राओं को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शाला शिक्षक कमलेश कुमार पटेल, पोखन चंद्राकर, अजय बंजारे, श्रीमती लक्ष्मी साहू तथा युवा साथी मनीष जांगड़े, पप्पू पटेल, आशीष, मौर्य, ठाकुर राम धीवर, पालकगण सहित युवा साथी उपस्थित थे। मंच संचालन हामिद टंडन एवं आभार प्रदर्शन अजय बंजारे ने किया।

## महिला ने घर में फांसी लगाई

**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई मोहन नगर थाना अंतर्गत निवासी विवाहिता अर्पिता राजपूत ने 23 मई को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। विवाहिता द्वारा आत्महत्या कर लेने के बाद से ही





उसका पति एवं ससुराल के अन्य लोग फरार हो गए थे मोहन नगर पुलिस ने फरार आरोपी पति को घटना के 40 दिन बाद पकड़ लिया है दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि मृतका के पति को मोहन नगर पुलिस ने पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। फरार सास ससुर की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है, और वे लोग भी जल्द ही पकड़े जाएंगे जानकारी के मुताबिक जवाहर नगर में उड़ीसा से लगभग 11 माह पूर्व शादी होकर ससुराल आई विवाहित अर्पिता राजपूत 33 वर्ष ने 23 मई की रात लगभग 11 बजे अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतका का पति सौरभ राजपूत दुर्ग इरिगेशन विभाग में कार्यरत है। अर्पिता राजपूत की शादी जून 2023 में सौरभ राजपूत के साथ हुई थी पुलिस ने फांसी पर लटकी विवाहिता को उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जिला अस्पताल कोतवाली थाना क्षेत्र में होने से मामले को जीरो पर कायमी किया गया था। जानकारी के मुताबिक जब विवाहिता को जिला अस्पताल ले गए इसके बाद ससुराल वाले घर में ताला लगाकर फरार हो गए थे। जिला अस्पताल या मर्चुरी में ससुराल का कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंचा था। उड़ीसा से मृतका के मायके वाले पहुंचे थे। मृतका के पिता राजकुमार सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी अर्पिता को शादी के बाद से ही ससुराल वाले रकम लाने के लिए परेशान कर रहे थे। कुछ दिनों पहले ही उनकी बेटी ने उन्हें बताई थी कि ससुराल वाले 25 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर उन्होंने बेटी को आश्वासन दिया था कि जल्द ही वह पैसों का इंतजाम कर देंगे हिम्मत रखो। ससुराल वालों से तंग आकर विवाहिता ने जान दे दी थी।

# हिंदुओं को हिंसक कहने पर भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 4 जुलाई।** बुधवार को भाजयुमो दंतेवाड़ा द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। हाल ही में संसद के अपने भाषण में राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक और नफरती कहा था, जिससे नाराज भाजपाईयों ने विरोध प्रदर्शन किया है। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि आखिर कब तक गांधी परिवार व कांग्रेस पार्टी हिंदुओं का अपमान करता रहेगा। राहुल गांधी को देश के करोड़ों हिंदुओं से सामुहिक रूप से माफी मांगनी होगी।भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा? लगातार हिंदुओं का अपमान होता रहा है, राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसक बताना दुर्भाग्यपूर्ण है व यह हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचानने वाला बयान है, गांधी परिवार सदैव खुद को हिंदु बताने का ढोंग रचता आया है परन्तु कभी भी हिंदुओं के समर्थन में नजर नहीं आया है।

कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, हुंगा मरकाम ,सत्यनारायण महापात्र, मुकेश शर्मा, पायल गुप्ता, रामू नेताम, कुलदीप ठाकुर, पिंटु उइके, कुणाल ठाकुर, ममता गुप्ता, सरीता उइके, श्रवण कड़ती, खिरेन्द्र ठाकुर, रूपन मंडल, कृष्ण कांत, लक्ष्मी यादव, साजन, अरविंद कुंजाम, चंदन ध्रुव, निखिल नाग, राज तिलक, शंभू यादव, बृजेश, शिव, चंद्रकांत, हिमांशु, हर्ष, किर्ति ठाकुर, कुंती झरना, कमल, बालाकृष्णन, आर्यन, दीपेश, रवी नायडू , इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने आमजनों को नवीन कानून के संबंध में जानकारी दी



**सुकमा, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज थाना सुकमा में नवीन भारतीय न्याय संहिता .भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण जिला कलेक्टर हरिश एस सर एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार उप पुलिस अधीक्षक कृष्णकांत बाजपेयी जिला महामंत्री धनीराम वारसे जी के द्वारा नवीन कानून के संबंध में जानकारी दी गई इस दौरान थाना सुकमा में निरीक्षक शिवानंद तिवारी दिलीप पेद्दी लीलाधर राठी अनुज भदौरिया विश्वराज सिंह चौहान और करीब60-70 की संख्या मे जनप्रतिनिधि व्यापारीगण पत्रकार बंधु उपस्थित रहे सभी लोगों ने नये कानून के संबंध में जानकारी प्राप्त किए।

## पुलिस पर फायरिंग व गाड़ी को उड़ाने में शामिल 9 नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना जगरगुण्डा क्षेत्र से 2 अलग-अलग प्रकरणों में 9 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी नक्सली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा के निवासी हैं। गिरफ्तार करने में जिला बल, डीआरजी सुकमा, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 201 वाहिनी कोबरा की संयुक्त कार्रवाई रही है। पुलिस के अनुसार जगरगुण्डा क्षेत्र में पुलिस वाहन को आईईडी विस्फोट करने में संलिप्त आरोपियों की उपस्थिति की सूचना पर 30 जून को थाना जगरगुण्डा एवं कैम्प टेकलगुडेम से जिला बल, 150 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 201 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम टेकलगुड़ेम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान तीमापुरम एवं टेकलगुड़ेम के मध्य जंगल/पहाड़ी में सादे वेश-भूषा धारण किये कुछ संदिग्ध व्यक्ति अपनी ओर पुलिस पार्टी को आते हुए देखकर भागने/छिपने लगे, जिनमें से घेराबंदी कर 4 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया।संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम कुंजाम रामा (डीएकेएमएस सदस्य), बारसे बिच्चेम डीएकेएमएस सदस्य), कुंजाम जोगा (मिलिशिया सदस्य) एवं कुंजाम भीमा (मिलिशिया सदस्य) होना तथा सभी नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। 23 जून को थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तीमापुरम के पास सुरक्षा बलों के ट्रक को आईईडी से विस्फोट करने में शामिल रहना पाया गया। घटना में 201 वाहिनी कोबरा के 2 जवान शहीद हुए थे। सभी चारों को 30 जून को गिरफ्तार कर एक जुलाई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त घटना में शामिल 6 नक्सलियों को पूर्व में किया जा चुका है। जगरगुण्डा से निरीक्षक सुरेद्र यादव के हमराह जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी नक्सली आरोपियों की धरपकड़ हेतु ग्राम उरसांगल, मण्डीमकरा, गोंदपल्ली की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान ग्राम गोंदपल्ली के जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति अपनी ओर पुलिस को आते हुए देखकर भागने/छिपने लगे, जिनमें से घेराबंदी कर 5 व्यक्तियों को पकड़ा गया पकड़े गये संदिग्धों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमश- पुनेम सुक्का (डीएकेएमएस सदस्य), मिडियम देवा उर्फ एंगा पाण्डू (डीएकेएमएस सदस्य), भोगाम मल्ला (डीएकेएमएस सदस्य), मुचाकी भीमा (मिलिशिया सदस्य) एवं तामू नंदा (मिलिशिया सदस्य) का होना तथा सभी नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये।सभी का 6 अप्रैल को थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डीमरका एवं गोंदपल्ली के मध्य सुरक्षा बलों को जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने की घटना में शामिल रहना पाया गया। सभी पांचों नक्सलियों को 30 जून को गिरफ्तार कर एक जुलाई को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## नौनिहालों में अनुशासन व संस्कार लाने शिक्षकों के साथ पालक भी आगे आएं:विधायक



**कांकेर, 4 जुलाई ।** कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में आज नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्री शिशुपाल शोरी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव भी शामिल हुए। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा निःशुल्क पुस्तक, गणवेश और सायकल वितरित कर समारोहपूर्वक प्रवेशोत्सव मनाया।

नरहरदेव शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आज सुबह 10.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री नेताम ने सभी नवप्रवेशी बच्चों व पालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां प्रवेश लेने वाले बच्चे अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनमें अनुशासन और संस्कार भी बहुत जरूरी है और इसके लिए शिक्षकों के साथ पालकों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नरहदेव स्कूल पूरे जिले के लिए एक आदर्श स्कूल है और अन्य स्कूलों में भी ऐसी ही उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। विद्यार्थियों में संस्कार, विश्वास और आशा होनी चाहिए। कार्यक्रम में विधायक श्री नेताम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णदेव साय के संदेश का वाचन भी किया।

इसके पहले, पूर्व विधायक श्री शिशुपाल शोरी ने कहा कि नरहरदेव विद्यालय जिले का प्रमुख शैक्षणिक केन्द्र है और यहां की शिक्षा व्यवस्था एवं भवन की संरचना के कारण इस विद्यालय की प्रशंसा पूरे प्रदेश में होती है। इस विद्यालय से कई प्रतिभाएं सामने आई हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए जीतोड़ मेहनत करते हुए पढ़ाई करें। जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत धुरुव ने कहा कि इस विद्यालय जिले का बहुत ही पुराना एवं प्रतिष्ठित विद्यालय है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय का माहौल ऐसा होना चाहिए कि बच्चे स्वयं स्कूल जाने के लिए तैयार हों। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला ने कहा अपने विचार प्रकट करते हुए बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर दिया।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क किताब एवं गणवेश भेंट कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। साथ ही विद्यालय की सभी कक्षाओं के कुल 52 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान राज्य शासन की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती निःशुल्क सायकल वितरण योजना के अंतर्गत 58 छात्राओं को सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम के अंत में न्योता भोज का भी आयोजन हुआ, जिसमें विधायक श्री नेताम सहित सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम, पार्षदगण, संस्था की प्राचार्य श्रीमती रचना श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य नागरिकों सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने बैठक लेकर उल्लास कार्यक्रम के प्रगति की जानकारी ली

**कांकेर, 4 जुलाई ।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर ने आज उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत सभी युवा, प्रौढ़, पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी आगे बढ़कर कार्य करें। साथ ही वालेंटियर शिक्षक के रूप में कार्य करने जिले के नागरिकों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और सभी विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित लोगों को साक्षरता अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाई।बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत स्वेच्छा से अपनी सेवा देने के इच्छुक लोगों को वालेंटियर शिक्षक के रूप में चयनित किया जाना है। इसके लिए युवाओं सहित मैदानी स्तर के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ के सदस्यों की भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि साक्षर करने हेतु स्थलों का चयन कर उल्लास साक्षरता केन्द्र स्थापित किया जाना है। साक्षरता कार्यक्रम के जिला नोडल श्री वैभव कुमार मेश्राम ने उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य एवं जिले की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अनुशंसित उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जो कि सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत्-प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। साक्षरता केवल पढ़ना, लिखना और अंक ज्ञान की जानकारी ही नहीं है बल्कि इससे बढ़कर कार्यात्मकता, सशक्तिकरण तथा आगे सीखते रहना है।

# पहली पत्नी के रहते शासकीय चिकित्सक पति ने रचाई दूसरी शादी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 4 जुलाई।** पहली पत्नी के रहते एक शासकीय चिकित्सक ने दूसरी शादी रचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिलचस्प बात तो यह है कि दूसरी पत्नी की तरफ से पुत्री होने के बाद पहली पत्नी को अपने शासकीय चिकित्सक पति की कारगुजारियों का पता चल सका। लिहाजा अब पहली पत्नी ने अपने पति के खिलाफ शिकायत की है। जिससे शासकीय चिकित्सक की परेशानी बढ़ सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद निवासी डिगेश्वरी साहू का हिंदू रीति रिवाज से 26 मई 2023 को कांकेर जिले के अमोड़ा में पदस्थ शासकीय चिकित्सक डॉ मिथलेश साहू के साथ विवाह संपन्न हुआ। युवती के परिजनों ने अपने हैसियत के अनुसार वर पक्ष को दहेज भी दिया। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक ठाक रहा। बाद इसके शासकीय चिकित्सक पति डा मिथलेश साहू ने अपनी पत्नी डिगेश्वरी साहू को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 13 अक्टूबर 2023 को डॉ मिथलेश साहू के द्वारा अपने शासकीय आवास में अपनी पत्नी के साथ बर्बरता से मारपीट किया द्य करीब 9 महीने बाद 5 फरवरी 2024 को डा मिथलेश साहू ने डिगेश्वरी के साथ पुनः मारपीट की और उसे अपने मायके महासमुंद चले जाने कहा। युवती ने प्रताड़ना सहते हुए भी चिकित्सक का साथ नहीं छोड़ी। बाद इसके चिकित्सक की दूसरी शादी होने की जानकारी मिलने के बाद वह महासमुंद वापस आ गई। इधर अब डिगेश्वरी ने अपने चिकित्सक पति के खिलाफ न्यायालय , थाना , तथा चिकित्सक के विभाग में शिकायत कर दी है।

### चिकित्सक ने सरकारी नौकरी से इस्तीफा के लिए युवती पर बनाया दबाव

महासमुंद निवासी डिगेश्वरी साहू शादी से पहले महासमुंद जनपद पंचायत में वर्ग 03 के पद पर कार्यरत थी। इसी दौरान चिकित्सक डा मिथलेश साहू के संपर्क में आई। चिकित्सक ने शादी का झांसा देकर युवती से मेलजोल बढ़ाया। बाद इसके हिंदू रीति रिवाज से शादी भी रचा ली। शादी के बाद चिकित्सक ने डिगेश्वरी को सरकारी नौकरी छोड़ने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। प्रताड़ना से तंग आकर डिगेश्वरी ने नौकरी से इस्तीफा दिया और अपने चिकित्सक पति के साथ रह रही थी।

### चिकित्सक ने आर्य समाज में की दूसरी शादी

चिकित्सक डा मिथलेश साहू ने पहली पत्नी के रहते दूसरी युवती से आर्य समाज रायपुर में शादी रचाई। चिकित्सक की पत्नी डिगेश्वरी ने बताया कि 8 जनवरी 2024 को उसके पति डा मिथलेश साहू ने धमतरी निवासी सृष्टि साहू के साथ शादी की। इसके लिए उन्होंने न तो उनसे तलाक लिया और न हीं जानकारी दी। जबकि इसके पहले उक्त युवती से सामाजिक रीति रिवाज से होने वाली शादी से इंकार किया था।दूसरी पत्नी को भी दे चुका है धोखाचिकित्सक डा मिथलेश साहू ने न केवल पहली पत्नी को अंधेरे में रखकर धोखा दिया बल्कि दूसरी पत्नी को भी धोखा दे चुका है। चिकित्सक की पत्नी डिगेश्वरी साहू ने बताया कि 16 फरवरी 2023 को डा मिथलेश साहू का विवाह धमतरी निवासी सृष्टि साहू के साथ तय हुआ था। लेकिन विवाह के एक दिन पूर्व चिकित्सक डा साहू ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शादी करने से इंकार दिया। शादी नहीं होने पर वर व वधु पक्षों की बीच राजीनामा हुआ और युवती सृष्टि साहू के पिता प्रेमनारायण साहू ने शादी में हुए खर्च की राशि लेते हुए भविष्य में डिगेश्वरी साहू के साथ विवाह करने पर किसी प्रकार का रूकावट व हस्तक्षेप नहीं करने का राजीनामा हस्ताक्षर किया गया है।

### गोली कांड का एक और आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई टाउनशिप में ग्लोब चौक के पास गोली कांड को अंजाम देने वाले एक और आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। यह आरोपी सागर बाग उर्फ डॉगी है। इसे दुर्ग पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र के नागपुर शहर से धरदबोचा है। इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब केवल मुख्य आरोपी अमित जोश की गिरफ्तारी शेष रह गई है गौरतलब रहे कि कि 25 व 26 जून की दरम्यानी रात्रि 1-20 बजे घटनास्थल ग्लोब चौक सेक्टर 10 पुलिया के पास सेंट्रल एवेन्यू रोड में अमित जोश एवं उसके साथी सागर बांध उर्फ डॉगी, अंकुर शर्मा एवं यशवंत नायडू के द्वारा विश्रामपुर निवासी रमनदीप व उसके दो दोस्त आदित्य सिंह एवं सुनील यादव पर फायर किया गया था। इस गोलीकांड में आदित्य सिंह एवं सुनील यादव को गोलियां लगी थी। इस घटना में शामिल दो आरोपियों में अंकुर शर्मा और यशवंत नायडू को भिलाई नगर पुलिस गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि अमित जोश एवं सागर बाग उर्फ डॉगी की तलाश की जा रही थी अब पुलिस ने सागर बाग उर्फ डॉगी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# पोटा केबिन में शाला प्रवेश उत्सव मनाया





**सुकमा, 4 जुलाई।** विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव पोटा केबिन मांझी पारा केरलापाल में मुख्य अतिथिओं का स्वागत ग्राम वासियों ने ढोल नगाड़े में नाचते हुए किया। मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ । शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि माननीय धनीराम बारसे जी, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सुकमा, श्रीमान नुपुर वैदिक जी , श्रीमान डमरू नाग जी, श्रीमान दिलीप पेदी जी, श्रीमान रामा सोढ़ी जी, श्रीमती कीर्ति मरकाम जी, श्रीमती माडे बारसे जी, श्रीमती अंजू पोडियम जी, श्रीमान परदेशी नाग जी,ने नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर , पगड़ी पहनाकर ,पाठय पुस्तक , एवं गणवेश वितरण कर 30 छात्रों को प्रवेश दिलाया।इस अवसर मे छोटे छोटे बच्चो के द्वारा आदिवासी डांस एवं छत्तीसगढ़ डांस भी प्रस्तुत किया ।जिला अध्यक्ष माननीय धनी राम बारसे जी अपने संबोधन में नव प्रवेशी छात्रों को शासन की योजनाओं के बारे में बताये कि शासन ने बच्चों के लिए पहननें के निःशुल्क गणवेश, पढने के लिए पाठ्य पुस्तकें, खाने के लिए मध्यान्ह भोजन, एवं रह कर पढ़ाई करने के लिए आवासीय छात्रवास, पोटा केबिन दिया है ताकि कोई भी बच्चे पढ़ाई से वंचित ना रहे। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि शासन की योजना है आने वाले समय में हर ग्राम में शिक्षकों के निवास के लिए मकान बनाने का। माननीय जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी सब का साथ सबका विकास के बारे में भी बताया। साथ ही नव प्रवेशी छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दी।विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमान सुखराम देवांगन जी सहायक विकास खंड अधिकारी श्रीमान प्रफुल्ल डेनियल जी, खंड स्रोत समनू श्रीमान दीपक बारसे जी,के सफल मार्ग दर्शन मे संकुल प्राचार्य, समस्त संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं गणमान्य नागरिक एवं नव प्रवेशी छात्रों की उपस्थिति मे ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए बडे ही धुमधाम के साथ शाला प्रवेश उत्सव को मनाया गया । खंड स्रोत समन्वयक श्रीमान दीपक बारसे जी,ने मुख्य अतिथियों एवं छात्रों, तथा गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित कर शाला प्रवेश उत्सव का समापन किया।

# वन विभाग की हैमर लगी लकड़ी को तस्करों ने उठा लिया, जिम्मेदार कौन?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 4 जुलाई।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहरा से लगे हुए कोटरी छापर व मुड़िया गांव के आसपास सड़क पर बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से वन विभाग द्वारा कटाई के लिए पाबंद वृक्ष कहुवा जैसी प्रजातियों की लकड़ी की कटाई का मामला सामने आया है जिस पर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर वन विभाग और राजस्व की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है।।अवैध रूप से लकड़ी तस्करों द्वारा हरे भरे वृक्षों की कटाई किए हुए लगभग 10 ट्रैक्टर से ऊपर लकड़ियों को मैन रोड में सड़क किनारे भंडारित कर रखा हुवा था वही इस बात से अब तक राजस्व व वन विभाग अनभिज्ञ था ।जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ विखसखण्ड में इन दिनों लकड़ी तस्कर गिरोह काफी सक्रिय हैं, जो रात के अंधेरे में लकड़ी की अवैध कटाई कर राजस्व क्षेत्र में सड़क किनारे गांव के अंदर तालाब पार की भूमि में अवैध रूप से काटे गए वृक्षों का भंडारण करते हैं। हैरानी की बात यह है कि खुलेआम सड़क किनारे राजस्व क्षेत्र की भूमि में भंडारीत लकड़ी पर किसी भी विभाग के अधिकारी की नजर नहीं पड़ती है। वहीं डोंगरगढ़ राजस्व विभाग के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार पटेल के द्वारा अवैध रूप से काटे जा रहे वृक्षों की कटाई को रोकने के लिए अपने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश का पालन करते हुए डोंगरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत लकड़ी तस्करों द्वारा लगातार हरे भरे वृक्षों को अवैध रूप से काटकर खुलेआम बिना किसी डर या खौफ के राजनांदगांव खैरागढ़ आने जाने वाली सड़कों के अगल-बगल बड़ी मात्रा में भंडारण कर रखा गया था जिसकी शिकायत मिलने के बाद लगातार इस प्रकार अवैध रूप से काटकर लकड़ी तस्करों द्वारा सड़क किनारे पड़े वृक्षों को वन विभाग की टीम के साथ राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर जप्त कर लिया गया है। अवैध रूप से काटे गए वृक्षों के गोलों को वन विभाग और राजस्व टीम के द्वारा जप्त कर वन विभाग द्वारा नाप जोप कर हैमर लगाकर गोलों को गांव के कोटवार या गांव प्रमुख लोगों के सुपुर्द किया जा रहा है परंतु टीम के द्वारा की गई कार्यवाही के बाद लकड़ी तस्करों द्वारा रात के समय वन विभाग द्वारा हैमर लगी लड़कियों को उठाकर दूसरी जगह छुपा दिया जा रहा है लकड़ी तस्करों द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के दुस्साहस के पीछे किनका सहयोग लकड़ी तस्करों को प्राप्त है यह भी एक सोचनी विषय है । इस मामले में जब हमारे द्वारा डोंगरगढ़ राजस्व अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया की यदि अवैध रूप से भंडारण की गई लड़कियों पर कार्यवाही होने के बाद किसी भी लकड़ी तस्कर द्वारा उन लड़कियों को उठाया जाता है तो पकडाने वाले लकड़ी तस्करों पर कानूनी कार्रवाही की जाएगी साथ ही उन्होने बताया कि लगातार अवैध रूप से रेत, मुरूम तस्करी करने वालो पर कार्यवाही की जा रही है वहीं उन्होंने लाल ईट बनाने वालों पर भी कार्यवाही की बात की है जब उनसे पर्यावरण संतुलन के विषय पर बात की गई तो उन्होंने बताया लगातार अवैध रूप से काटे जा रहे हरे-भरे वृक्षों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में वृक्ष लगाकर उसकी रक्षा करने का संकल्प लेकर अवैध रूप से कट रहे वृक्षों को पूर्ण रूप से बंद करने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है ।उन्होंने बताया की उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करते हुए राजस्व विभाग की टीम के साथ वन विभाग की टीम अवैध लकड़ी तस्करों पर मिलकर संयुक्त कार्यवाही कर रही है उन्होंने बताया कि जहां भी लकड़ी भंडारित की गई है उसकी जांच कराई जा रही है। राजस्व विभाग द्वारा नायब तहसीलदार व उनकी टीम के साथ साथ वन विभाग की टीम भी गांव गांव में अवैध रूप से भंडारण की गई लकड़ियों पर कार्यवाही कर उनके मालिकों का पता लग रही है जितनी भी लकड़ीयां क्षेत्र में अवैध रूप से लावारिस हालत में बरामद होंगी उन्हें जब्ती कर वन विभाग को लिखित रूप से सुपुर्द किया जाएगा ।

एक नजर

### 11 जुलाई से शुरू होगा जनसमस्या निवारण शिविर

**रायगढ़, 4 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर माह जुलाई से दिसम्बर 2024 तक होगा। यह शिविर 11 जुलाई से शुरू होगा जो आगामी 27 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में शासन के निर्देशानुसार अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने हेतु निर्देशित किया है। जिससे ग्रामीणजन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर श्री गोयल ने समस्त एसडीएम एवं सीईओ जनपदों को अपने क्षेत्र अंतर्गत शिविरों के आयोजन व आवेदन पत्र देने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। सभी जनपद सीईओ अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायतों को सूचित करेंगे कि वे ग्रामीण जनता के आवेदन पत्रों को नियत तिथि तक प्राप्त कर उनके कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पंजीकरण कर संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर संबंधित विभाग उक्त आवेदन पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही कर अंतिम निराकरण की रिपोर्ट मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को नियत तिथि तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शिविर हेतु नियत तिथि को शिविर स्थल पर आवेदन पत्रों के अंतिम निराकरण से अवगत कराए। जिन आवेदनों का निराकरण शिविर हेतु नियत तिथि तक न होने की दशा में एक निश्चित तिथि निर्धारित कर उसकी सूचना आवेदक को देने के निर्देश दिए।

इन तिथियों में यहां लगेंगे शिविर -11 जुलाई को घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम बरोनाकुंडा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह धरमजयगढ़ के ग्राम विजयनगर में 26 जुलाई, लैलूंगा के तोलगे में 8 अगस्त, तमनार के हमीरपुर में 29 अगस्त, रायगढ़ के कोटाहरदी में 13 सितम्बर, खरसिया के बर्रा में 27 सितम्बर, पुसौर के त्रिभौना में 10 अक्टूबर, रायगढ़ के जामगांव में 25 अक्टूबर, धरमजयगढ़ के कुडेकेला में 8 नवम्बर, घरघोड़ा के बटूराकछार में 29 नवम्बर, लैलूंगा के घटगांव में 13 दिसम्बर तथा तमनार के देवगढ़ में 27 दिसम्बर 2024 को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 4 जुलाई।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनसे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उन्हें शिक्षा सत्र 2023-24 में ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम वर्ष परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन एवं संस्था पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन हेतु कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। उन आवेदनों का शासन द्वारा अनुमोदन प्रदाय कर दिया गया है।

विद्यार्थियों को सूचित किया जा रहा है कि 12 जुलाई 2024 तक अपना छात्रवृत्ति आवेदन पूर्ण कर अध्ययनरत संस्था में जमा करते हुए छात्रवृत्ति स्वीकृति कराना सुनिश्चित करें। जिसके तहत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय में जमा करने हेतु 10 जुलाई तक की तिथि निर्धारित है। इसी तरह महाविद्यालय द्वारा प्रस्ताव/ स्वीकृति जिला कार्यालय में जमा करने हेतु 12 जुलाई तक तथा जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति एवं डिसबर्सल कार्य के लिए 15 जुलाई 2024 तक की तिथि निर्धारित है। अतएव विद्यार्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं करने अथवा स्वीकृति नहीं कर पाने पर समस्त जवाबदारी संबंधित छात्र एवं संबंधित संस्था प्रमुख की होगी।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों के लिए 16 जुलाई तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 4 जुलाई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जिले में स्वीकृत आरओपी के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति-2018 में दिए गए निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती की जानी है।

जिसके लिए 16 जुलाई 2024 सायं 5 बजे तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक नियत तिथि तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भगवानपुर, जिंदल रोड, रायगढ़ के पते पर भेज सकते है।

# देश के भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना महत्वपूर्ण:कलेक्टर



**रायगढ़, 4 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मुख्य आतिथ्य में 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल उर्दना, रायगढ़ के आदर्श वंदना विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी श्री दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने नन्हे नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया।

आयोजित शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है उन्हें हर प्रकार से अच्छी शिक्षा प्रदान करना आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जो भविष्य में देश के विकास में अपना योगदान देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। शाला प्रवेश उत्सव हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जैसे एक मंदिर का कपाट खुलते हैं, यह भी शिक्षा का मंदिर है। उन्होंने परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने अपने जीवन में जो करना था, वह कर लिया एवं जो करेंगे वह कर भी सकते हैं, लेकिन आपके बुढ़ापे का भविष्य बच्चे हैं, जो उनकी शिक्षा पर निर्भर करता है। हम शिक्षा में आगे बढ़ सकते हैं, क्योंकि भारत जानता है कि शिक्षा का क्या महत्व है और शिक्षा का हर समाज में महत्व होता है। सेना के साथ देश का हर व्यक्ति, युवा देश को सुरक्षित और मजबूत करता है। जिसके योगदान से देश का विकास और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आजादी के बाद हमारे पूर्वजों ने इतनी मेहनत कि जिससे देश मजबूत है, हमें भी अपने देश के भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा के माध्यम से मजबूत करना है। उन्होंने परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके पास एक स्किल है, जिसके माध्यम से शिक्षा में आप सहयोग प्रदान कर सकते है। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि मैं स्वयं बहुत सारे बटालियन से जुड़ा रहा, लेकिन 6 वीं बटालियन के द्वारा जिस प्रकार से नियमित कार्यक्रम किए जा रहे है, यह सराहनीय है। स्कूल में उच्च दर्जे की शिक्षा प्रदान की जा रही है। जो बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज के कार्यक्रम से बच्चों के साथ ही अभिभावकों का भी उत्साहवर्धन हुआ है। इस दौरान शाला के बच्चों ने स्वागत नृत्य और योग की सुंदर प्रस्तुति दी। जिनमें आव्या द्विवेदी एवं ग्रुप द्वारा डांस की प्रस्तुति, ओजस ग्रुप द्वारा योगा तथा अनंता पाण्डेय ग्रुप द्वारा कथक की प्रस्तुति दी गई। जिसका कलेक्टर श्री गोयल एवं एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने सराहना भी की। इस अवसर पर उप सेनानी श्रीमती सुरेशा चौबे, डॉ.गौतम शर्मा, श्रीमती अनिता कपूर, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्रीमती राजकुमारी विजया लक्ष्मी, श्रीमती अंकिता मुदलियार, श्रीमती राजश्री झा, श्रीमती मनीषा दुबे, श्रीमती शीला तिवारी, श्रीमती नीतू अग्रवाल, श्री प्रहलाद तिवारी, श्री विकास पटेल, श्री नवल किशोर साहू, श्री ब्रजेश तिवारी, श्री रामचंद्र शर्मा, श्री अयोध्या नाथ चौबे, डॉ.राजू अग्रवाल सहित बटालियन के सेनानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

# तेंदुपत्ता नगद भुगतान देखने गंगालुर और चेरपाल पहुंचे कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 4 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ सरकार ने स्थानीय तेंदुपत्ता संग्राहकों की मांग पर पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान की स्वीकृति पश्चात भुगतान की कार्यवाही देखने कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने गंगालुर और चेरपाल में आयोजित कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। सुदूर क्षेत्र चेरपाल और गंगालूर में नगद राशि प्राप्त करने भारी संख्या में तेंदुपत्ता संग्राहक पहुंचे। चेरपाल में कलेक्टर ने श्रीमती भीमा गायता को अपने हाथों से पारिश्रमिक राशि का लिफाफा दिया। सुशीला गायता नगद राशि पाकर खुश हुई और उन्होने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि इस राशि का उपयोग मै अपने खेती बाड़ी में करूगीं।

गंगालूर में पुसनार समिति के फड़ मल्लूर, नैलपाल, हिमगुड़ा एवं अन्य फड़ों को नगद भुगतान की कार्यवाही की जा रही थी जिसकी पार्दशिता के लिए कलेक्टर ने मौके पर मुआयना कर भुगतान की कार्यवाही को देखा। नगद राशि की भुगतान पाकर हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री द्वारा मांग पुरी किये जाने पर कलेक्टर के समक्ष खुशी व्यक्त करते हुए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा संग्राहकों को संबोधित करते हुये शीघ्र बैंक खाता खुलवाकर तेंदूपत्ता भुगतान के साथ-साथ अन्य सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया एवं यह स्पष्ट किया गया कि आगामी वर्ष से तेंदूपत्ता संग्रहण के समस्त भुगतान बैंक खातों के माध्यम से ही किया जायेगा। इस दौरान एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल, डीएमसी श्री एम. वी. राव एवं एसडीओ श्री देवेन्द्र उपस्थित रहे।

### बच्चे देश का भविष्य है, लक्ष्य के लिए जुट जाए: राशि

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग शहर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मिडिल स्कूल, प्रधानमंत्री प्राइमरी स्कूल स्टेशन पारा स्कूल, आशी बाई गोलछा प्राइमरी व मिडिल स्कूल तथा कुम्हारपारा प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित था। नपाध्यक्ष राशि महिलांग के साथ वार्ड पार्षदगण महेंद्र जैन, पवन पटेल और ब्लाक शिक्षा विभाग के अधिकारी व शालेय समिति के मनोनीत सदस्य गण व शालेय परिवार के शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे। श्रीमती महिलांग व अन्य अतिथिगणों ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।मुख्य अतिथि के आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि आप सभी कल देश के सुनहरे भविष्य है ।

# खेल पुरस्कारों के लिए 10 जुलाई तक कर सकेंगे ऑफलाइन आवेदन

**रायगढ़, 4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को प्रदान किए जाते है।

जिला कार्यालय/ संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पूर्व में 30 जून 2024 थी। उक्त तिथि को बढ़ाते हुए अब 10 जुलाई 2024 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षो के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभागीय वेबसाईट http://sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है। पुरस्कार नियम में प्रावधानों के अनुरूप जिन खिलाड़ियों की मान्यता प्राप्त संघ द्वारा पुरस्कार के लिए अनुशंसा नहीं की गई है और तुलनात्मक रूप से उनकी उपलब्धि अधिक है, तो ऐसे खिलाड़ी तत्संबंधी विवरण प्रस्तुत कर, निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तिगत विवरण लेख करते हुए 10 जुलाई तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई.रोड रायपुर, छत्तीसगढ़ या कार्यालय संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, जिला-रायगढ़ में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। पुरस्कारों के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए है, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।

**शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार**-राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसमें 3 लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

**शहीद कौशल यादव पुरस्कार**-जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया है। इसमें 1.50 लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

**शहीद पंकज विक्रम सम्मान**-ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला-पुरूष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इसमें 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

**वीर हनुमान सिंह पुरस्कार**- प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा। इसमें 1.50 लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

**शहीद विनोद चौबे सम्मान**-खेल से जुड़े 55 वर्ष से अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किए जने हेतु विचार किया जाए उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इसमें 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

**मुख्यमंत्री ट्रा फी**-सीनियर एवं जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्राफी प्रदान की जाती है। जिसमें ऐसे दलीय खेल जिसके सदस्यों की संख्या 4 है, उन्हें सीनियर वर्ग में 2 लाख रुपये एवं जूनियर वर्ग में 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा तथा ऐसे दलीय खेल में जिनमें सदस्यों की संख्या 4 से अधिक है, उन्हें सीनियर वर्ग में 5 लाख रुपये एवं जूनियर वर्ग में 3 लाख का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई भी प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत 'नगद राशि पुरस्कार' अलंकरण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में (01 अप्रैल से 31 मार्च तक 02 वर्ष के लिए) जिन खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है, वे खिलाड़ी जिला कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण एवं अपने खेल संघों से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।इसी प्रकार 'खेलवृत्ति (डाईट मनी)' के लिये भी जिन खिलाड़ियों ने विगत वर्ष अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो, या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रातिनिधित्व किया हो खेलवृत्ति हेतु आवेदन कर सकेंगे। खेलवृत्ति के लिए अधिकतम आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होने चाहिए। खेल संघों से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2021 एवं 2022 (01 अप्रैल से 31 मार्च तक 02 वर्ष के लिए) में अर्जित की गई उपलब्धि के लिए प्रेरणा निधि प्रदान की जाती है। खेल संघ प्रेरणा निधि के आवेदन जिला कार्यालय या संचालनालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगे।

### आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान में सामग्री प्रदाय के लिए मंगाई गई निविदा

**रायगढ़, 4 जुलाई।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला रायगढ़ द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार, सिसरिंगा, छर्राटांगर, हीरापुर हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा मंगाये गये है। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी सहित सामग्री सूची संबंधित एकलव्य जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान (सहायक आयुक्त कार्यालय, रायगढ़)से कार्यालयीन दिवसों में 5 जुलाई से 4 अगस्त 2024 तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक 500 रुपये नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

# डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

■ **डेंगू के लक्षण पाये जाने पर निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र, मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को करें सूचित एवं त्वरित जांच कर कराएं इलाज**

**रायगढ़, 4 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधान और जागरूक रह कर इससे बचा जा सकता है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पांच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं। सीएमएचओ ने कहा कि डेंगू रेपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट कीट से जांच होने के उपरांत धनात्मक पाये जाने वाले मरीज केवल डेंगू के संदेहास्पद मरीज होते है, उनको अंतिम डेंगू के धनात्मक मरीज नहीं माना जाता है। उक्त मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में श्वद्यद्बह्यड्ड टेस्ट में धनात्मक पाये जाने पर ही शासन द्वारा डेंगू के मरीज होने की पुष्टि की जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुये डेंगू से संबंधी ऐहतियात बरतने की सलाह नागरिकों को दी है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं परामर्श सेवा हेतु 104 डायल करें अथवा डेंगू कंट्रोल रूम, जिला चिकित्सालय रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

**डेंगू के लक्षण** -डेंगू के लक्षण होने पर अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंख के पीछे दर्द होना, जी मचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह एवं मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना जैसे लक्षण पाये जाते है। इस तरह के लक्षण पाये जाने पर निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र /मितानिन/स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें एवं त्वरित जांच कर इलाज कराए।

**क्या करना चाहिए** -बारिश के बाद अपने घर के आसपास पानी जमा होने की जांच करें। सभी पानी के कंटेनरों/ओवरहेड टैंकों आदि को ठीक से ढककर रखें। हफ्ते में एक बार घरों, कार्यालयों, कारखानों, स्कूलों आदि में सभी कूलरों और कंटेनरों को साफ कर के सुखाएं। हर हफ्ते फ्रिज की पिछली ट्रे में पानी जमा होने की जांच करें और उन्हें अच्छे से सुखाएं।

पक्षियों और जानवरों को खिलाने वाले बर्तन डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर के प्रजनन का संभावित स्रोत हैं इसलिए इन्हें स्क्रब से साफ करें और हर हफ्ते पानी बदले। मच्छरों के काटने से बचने के लिए दिन के समय खुले हिस्सों पर मच्छर निरोधक का प्रयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े और लंबे कपड़े व पतलून पहनें जो हाथ और पैरों को ढकें। मच्छरों को दूर रखने के लिए जालीदार दरवाजे व खिड़कियां, मच्छर कॉइल वेपरमैट आदि का उपयोग करें। दिन के समय विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त किसी भी तरीके से डेंगू के मरीजों को मच्छर के काटने से बचाएं। सुनिश्चित करें कि ईमारतों के आसपास के जमीनी क्षेत्रों में, छत पर कोई जलजमाव न हो और खुले स्थानो पर कोई टूटा हुआ फर्नीचर या कबाड़ न हो।

**क्या नहीं करना चाहिए**-टूटे हुए मिट्टी के बर्तन, बोतलें, गमले, फूलदान आदि को बाहर या छतों पर इकट्ठा न होने दें। उपयोग में न होने पर डेजर्ट कूलर में पानी न छोड़ें। फूलों के गमलों के नीचे प्लेटें न रखें। पानी को बिना ढके या ठीक से ढके हुए कंटेनरों और टैंकों में न रखें। घरों, वर्कशॉप, गोदामों आदि के बाहर टायर न रखें। नारियल पानी पीने के बाद नारियल के छिलकों को खुले में न फेंके, क्योंकि इन छिलकों में बारिश का पानी जमा हो सकता है, जिससे मच्छर पनप सकते हैं। गिलास, कप, प्लेट, कुल्हड़ आदि जैसी डिस्पोजेबल वस्तुओं को खुले में न फेंकें क्योंकि इन वस्तुओं में भी पानी जमा होने से मच्छरों के प्रजनन का खतरा हो सकता है। डेंगू बुखार के रोगियों को एस्पिरिन और ब्रूफेन न दें, प्लेटलेट्स बहुत कम होने पर रक्त स्त्राव हो सकता है इसलिए टेबलेट पेरासिटामोल का उपयोग बुखार और शरीर दर्द के लिए किया जा सकता है।

# रथयात्रा के दिन इंद्रावती नदी पर होगी महाआरती



**बीजापुर,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने इंद्रावती सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक ली, सभी विभागों की समीक्षा करते हुए ग्रामिणों को ज्यादा से ज्यादा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बीजापुर जिला में पहली बार 7 जुलाई को रथयात्रा के उपलक्ष में इंद्रावती नदी के तिमेड़ घाट में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस महाआरती का उद्देश्य नदियों की महत्ता को समझते हुए पर्यावरण का संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। जलाशय हो या आसपास के जंगल सभी को स्वच्छ रखना चाहिए ताकि स्वच्छ वातावरण में हमारा समाज रह सके। गंगा आरती के समान इंद्रावती नदी की आरती के लिए कलेक्टर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाये।शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास, आश्रम और स्कुलों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जाच करें। मीनू के अनुसार बच्चों को सम्पूर्ण पोषक आहार मध्यान भोजन में नहीं देने वाले समूहों की राशि में कटौती करने की बात कलेक्टर ने कहीं साथ ही उन्होनें अनुपस्थित शिक्षकों पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बस्तर अंचल के तेंदूपत्ता संग्राहकों की आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पारिश्रमिक राशि का नकद भुगतान करने का निर्णय लिया हैं जिसके तहत बीजापुर जिले की 28 समितियों के तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नकद भुगतान किया जा रहा है, जिला प्रशासन की विशेष पहल से लोगों को बैंक खाता खुलावाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है लिफाफा में लोगों को महत्वपूर्ण सूचना दी जा रही है कि आगामी वर्ष 2025 से भुगतान हेतु आधार नंबर एवं बैंक खाता अनिवार्य होगा। जिले में 15 अगस्त के दिन हर गांव एवं नगरीय-निकायों में तिरंगा झंण्डा फहराने के लिए कलेक्टर ने लोगों को 5000 से अधीक झंण्डा उपलब्ध कराने अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही बरसात के दिनों में बारिश के कारण सड़क, पुल-पुलिया छतिग्रस्त होती है तो जिसके लिए सिमेंट, पाईप आदि की अग्रिम व्यवस्था करने पीएमजीएसवाय को कलेक्टर ने निर्देशित किया ताकि लोगों को कोई समस्या का सामना ना करना पड़े। बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से ''स्टॉप डायरिया अभियान 2024'' का कार्यक्रम 1 जुलाई से 31 अगस्त तक अयोजित किया जाएगा। जिसके लिए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने दी। कलेक्टर ने लोगों को पानी उबालकर पीने और बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की बात कहीं।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल, उत्तम सिंह पंचारी, श्री दिलीप उईके, श्री विकास सर्वे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 80 प्रतिशत आवास पूर्ण,नहीं बनाने वालों की सूची तैयार



**बीजापुर,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अधिकारियों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक के प्रशासनिक अमलों के प्रतिदिन फील्ड विजिट एवं हितग्राही से मिलकर आवास निर्माण हेतु प्रोत्साहित करने का ही नतीजा है कि जिले में 80 प्रतिशत प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले की भौगोलिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बाद भी विगत 5 माह में 710 आवास पूर्ण किये गए हैं , विगत वर्षों की तुलना में यह एक बेहतर आंकड़ा है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा साप्ताहिक बैठक, विडियो कॉन्फ्रेसिंग और फील्ड विजिट कर हितग्राहीवार आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की जा रही हैं। जिला सीईओ ने शनिवार को ग्राम पंचायत नेलसनार में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण कर आवास को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि जिले में कुल 4449 स्वीकृत आवास के विरूद्ध 3601 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। शेष बचे आवासों में से 632 प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत कुल 140 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला सीईओ ने बताया कि जो हितग्राही अभी भी आवास निर्माण में रूचि नहीं ले रहे हैं उनसे मिलकर आवास नहीं बनाने के कारणों को पता लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है।

### कलेक्टर ने पढ़ाया बच्चों को "क ख ग" का पाठ



**बीजापुर,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मुहीम में जूटे कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने गंगालूर इलाके का दौरा कर प्राथमिक शाला नयापारा पदेड़ा का औचक निरीक्षण किया। संस्था पहुंचकर बच्चों की उपस्थिति देखा और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया।स्कूल में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन मीनू, टाइम टेबल, साफ-सफाई और कक्षों को व्यवस्थित रखने पर शिक्षक श्री संजय साहू, शिक्षिका श्रीमती सुमित्रा मोलचेतला को बधाई दी और बेहतर कार्य करने के लिये प्रेरित किया। यहाँ बच्चों के कक्ष में जाकर कलेक्टर ने खेल-खेल में ''क ख ग'' का पाठ पढ़ाया और विषय वस्तु की जानकारी ली। यहाँ बच्चों ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर स्थानीय बोली में ''मोडील कुड़ील कुसूर मोर मामा'' गीत सुनाया जिसे सुनकर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त कर नियमित पढ़ाई के लिए हौसला बढ़ाया।मध्यान्ह भोजन में मीनू अनुसार भोजन नहीं परोसने पर समूह के राशि में कटौती के निर्देश कलेक्टर ने दिये । यहाँ स्कूल भवन निर्माण में गुणवत्ता नहीं पाये जाने पर सरपंच को धारा 40 के तहत नोटिस जारी करने निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल और डीएमसी श्री एम. वी. राव उपस्थित रहे।

### 17 जुलाई मोहर्रम पर शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़, 4 जुलाई।** शासन के निर्देशानुसार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त तिथि को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), कंपोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट) एवं विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ), दुकानों, देशी मदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों (एफ.एल.-3)को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस को मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्री गोयल ने आबकारी विभाग को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है।

# समस्याओं का त्वरित निराकरण कर विश्वास कायम करें: राजस्व मंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यो को संवेदनशील एवं गंभीर बताते हुए त्वरित निराकरण कर लोगों में विभाग के प्रति विश्वास जगाने तथा अपने कार्यो से विभाग की छवि बेहतर बनाने कहा। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर जिले में चल रहे राजस्व पखवाड़े की सराहना करते हुए इसे पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया और पूरे प्रदेश में 5 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शुरू करने की बात कही।उन्होंने कहा कि सभी विभाग अच्छा काम करके जिले का नाम रोशन करें।

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा की राजस्व विभाग में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे बहुत ही छोटे -छोटे कार्य होते है जो हर किसी से जुडा होता है। इन कामों का निपटारा समय पर कर दिया जाए तो लोगों में राजस्व विभाग के प्रति जो नज़रिया है वह सकारात्मक हो सकता है। पहले एक गांव को चिन्हांकित कर राजस्व विवादमुक्त ग्राम बनाएं। ऐसे ग्राम के पटवारी आरआई को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात में जिले के नदी- नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है। इससे निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को खाद -बीज़ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। खेत में पानी भरने से धान खराब होने पर किसानों को निःशुल्क बीज प्रदाय करें।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों की संख्या जिले में अधिक है सभी वंचित किसानों को सम्मान निधि में पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करें।

- ■ टंकराम वर्मा ने ली विभागीय समीक्षा बैठक, कहा- विभाग की बेहतर छवि बनाएं, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश
- ■ राजस्व मंत्री ने की जिले में जारी राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम की प्रशंसा, पूरे राज्य के लिए बना रोल मॉडल, सयंत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने बनेगी रणनीति

मंत्री वर्मा ने जिले में रोजगार की स्थिति की समीक्षा करते हुए बड़े सीमेंट सयंत्रों एवं खदानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलबध कराने के लिए जिला रोजगार अधिकारी, उद्योग अधिकारी एवं खनिज अधिकारी को सयंत्रो के अधिकारियों से समन्वय कर रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि नया सयन्त्र शुरू हो रहा है उसमें अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलवाएं। संयंत्र में प्रशिक्षण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सयंत्रो के द्वारा संचालित खनन इकाईयों में भी युवाओं को नियोजित कराएं। उन्होने अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा कैरियर मार्गदर्शन एवं कोचिंग की व्यवस्था करने कहा।



राजस्व मंत्री ने सडक एवं अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएमजीएसवाय अंतर्गत निर्मित कुछ सड़कें बहुत जल्द ख़राब होने की बात सामने आ रही है, ऐसे सड़को के निर्माणकर्ता ठेकेदारों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता पर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बलौदाबाजार बाई पास निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार, अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए शेष स्कूलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव विभाग को भेजनें तथा एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में राजस्व मंत्री ने एजेंडा अनुसार विभिन्न विभागों के कार्यो का विस्तार से समीक्षा कर जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चिचत करने के निर्देश सभी विभाग के अधिकारियो को दिए। उन्होने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### तरेंगा हाईस्कूल में शिक्षक की कमी

## युवाओं ने विधायक समेत कलेक्टर व शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 4 जुलाई।** जिले के सबसे बड़े गांव तरेंगा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाई स्कूल) में कई वर्षों से शिक्षक की कमी होती आ रही है जिससे छात्र छात्राओं को अध्यान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षक की कमी को लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (हाई स्कूल) के छात्र छात्राओं ने गांव के युवाओं को इस समस्या से अवगत कराया जिसके पश्चात गांव के युवा राजू कुमार चक्रधारी, डोमेंद्र साहू, भरत चक्रधारी, लेखराज पटेल, लिकेश्वर साहू, दुबेश चक्रधारी, सम्मेत युवाओं द्वारा इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र विधायक इंद्रा साव, जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तक इन समस्याओं से अवगत करवाया गया।

राजू कुमार चक्रधारी द्वारा विधायक,कलेक्टर,जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी को अवगत कराते हुए यह कहा कि ग्राम तरेंगा में अध्ययन के लिए आस-पास कई गांव के छात्र-छात्राएं तरेंगा में आते हैं जिसको देखते हुवे तरेंगा के सभी स्कूलों में शिक्षक की कमी बिलकुल भी नहीं रहनी चाहिए कई बार शिक्षक द्वारा शिक्षक छात्र छात्राओं को उनके विषय की रूचि के अनुसार शिक्षक की कमी के कारण आस-पास गांवों में अध्यान करने के लिए कहा जाता है यह उचित नहीं हमरा गांव सर्व सुविधा युक्त होना चाहिए। साथ ही साला प्रवेश उत्सव भी चल रहा है शिक्षक ना होने के करण कई बच्चे साला में प्रवेश करने में हिचकिचाते दिखाई दे रहे हैं। छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विषय को गंभीरता से लेते हुए शिकायत पर तत्काल करवाही करें।

## एक नजर

### लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 88 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का होगा आयोजन

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के 88 चिन्हांकित ग्राम पंचायतों, तहसील, उप तहसील एवं एसडीएम कार्यालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके लिए विशेष शिविरों का आयोजन होगा। राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से 15 जुलाई तक उक्त शिविरों का आयोजन होगा। इन शिविरों में लंबित प्रकरणों में नामांतरण, सीमांकन, बंटाकन, फौती, खाता, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, नजूल भूमि का नवीनीकरण, डायवर्सन, भू-भाटक राजस्व, राजस्व संग्रह, वसूली के लंबित मामले एवं राजस्व विभाग से सम्बंधित अन्य मामलों का निराकरण समय सीमा के भीतर करनें के निर्देश कलेक्टर सोनी सभी राजस्व अधिकारियों को दिए है। शिविरों की व्यवस्था हेतु कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से शिविरों को सफल बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी किसानों एवं आम नागरिकों से अपील करतें हुए कहा है की वह अधिक से अधिक इन शिविरों का लाभ लेकर शिविरों को अवश्य रूप से सफल बनाये। शिविरों में लंबित आवेदन के साथ नए आवेदन भी स्वीकार किए जाऐंगे। जिले के 88 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन होगा। जिसमें 1 जुलाई को करमदा, नयापारा, जारा, तरेंगा, दामाखेड़ा, जांगड़ा, अर्जुनी (ब), बलौदा, सोनाखान, 4 जुलाई को मुड़ियाडीह, करदा, कुसमी, सुरखी, रोहरा, आमाकोनी, बोरसी, अमोदी, कोसमसरा(ब), 5 जुलाई को परसाभदेर, पैजनी, अमेरा, खोखली, दरचुरा, नवापारा, कोसमसरा(क), मटिया, डुमरपाली, 8 जुलाई को बलौदाबाजार, डमरू, वटगन, खम्हरिया, बनसांकरा, औटेबंद, नेवधा, हिरमी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### पत्थर से सिर में प्राणघातक वारकर छोटे भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** 29 जुलाई को सूचना मिली कि ग्राम रसौटा में आरोपी दिलीप कुमार द्वारा अपने सगे छोटे भाई नंद कुमार उम्र 26 साल की पत्थर से पटक कर हत्या कर दिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 290/2024 धारा 302 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। थाना पलारी पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही तत्परता पूर्वक ग्राम रसौटा पहुंचकर आरोपी दिलीप कुमार को हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने छोटे भाई की हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया गया कि आरोपी दिलीप कुमार एवं मृतक नंदकुमार, दोनों सगे भाई थे, जिसमें मृतक नंदकुमार अक्सर नशा कर घर आता था एवं घर वालों के साथ लड़ाई झगड़ा करता था। 29 जुलाई को भी मृतक नंदकुमार शराब पीकर आया एवं मेरी पत्नी (रिश्ते में मृतक की भाभी) के साथ मारपीट करने लगा, इस बात से मैं अत्यंत उत्तेजित एवं आक्रोशित हो गया एवं घर में रखे फरसी पत्थर से मृतक नंद कुमार के सिर में प्राण घातक हमला कर दिया, जिससे मृतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कि प्रकरण में आरोपी दिलीप कुमार निवासी ग्राम रसौटा थाना पलारी को 20 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार से संस्थागत प्रसव को मिल रहा है बढ़ावा

# कटगी में चार व सलोनी में पांच गुना सालाना लक्ष्य से अधिक प्रसव, सभी सामान्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 जुलाई।** राज्य सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुविधाओं के विस्तार से संस्थागत प्रसव को काफी बढ़ावा मिल रहा है। जिले में कसडोल विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी तथा पलारी विकासखंड के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सलोनी संस्थागत प्रसव में जिले भर में अव्वल रहा है। पिछले अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कटगी ने 120 वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 488 प्रसव कराएं हैं वहीं सलोनी में 36 प्रसव सालाना के लक्ष्य की तुलना में एक वर्ष में 178 प्रसव हुए हैं। यह सभी प्रसव सामान्य हैं। संस्थागत प्रसव के नियम अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 10 प्रसव एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 3 प्रसव औसतन प्रतिमाह करना होता है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए संस्थागत प्रसव सरकार की प्राथमिकता है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गर्भ धारण करने से लेकर प्रसव के पश्चात की सभी सेवाएं महिला को दी जाती हैं। इसमें प्रसव के बाद घर तक छोड़ने हेतु परिवहन की व्यवस्था के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना के जरिये 14 सौ की राशि दी जाती है, आवश्यक दवाई और जाँच भी फ्री रहती है। डॉ शशि जायसवाल नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य के अनुसार संस्थागत प्रसव कई प्रकार के संक्रमण जोखिम से बचाता है। कुशल स्टाफ की देखरेख में हुए प्रसव से जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं।

कसडोल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अजगल्ले ने बताया की कटगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 से 20 किलोमीटर के दायरे के गांव के लोग प्रसव के लिए आते हैं इसके साथ-साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, जांजगीर, सारंगढ़ - बिलाईगढ़ के लोग भी सुविधा को देखकर इधर आते हैं। कटगी तो राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर चुका है। पलारी बीएमओ डॉ बी एस ध्रुव के अनुसार सलोनी केंद्र में 5 ग्राम हैं जबकि प्रसव के लिए आस-पास के धाराशिव, कैलाश गढ़ अमेठी से भी लोग आते हैं। कटगी अस्पताल में अपनी पत्नी का प्रसव करवा चुके कलमीडीह के विशाल पैकरा ने प्राप्त सुविधा से प्रसन्नता व्यक्त की। कटगी में ग्रामीण चिकित्सा सहायक रवि सेन, नर्सिंग स्टाफ में सुषमा दुबे, अन्नपूर्णा साहू, केवरा सिन्हा, प्रमिला साहू, हेमलता देवांगन जबकि सलोनी में सी एच ओ प्रियंका वर्मा सहित आर एच ओ निर्मला साहू तथा मनमोहन आर्यन अपनी सेवा दे रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया की जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्य क्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में ये कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं जो गर्भवती, शिशुवती माताओं हेतु चलाये जा रहे हैं। लोगों को शासन की इन योजनाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए। जिले के करहीबाज़ार, कडार, ताराशिव, कुम्हारी, डमरू, खपरी(एस), धनेली, सूढ़ेला, सिंगारपुर ये कुछ अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं जहां सौ से अधिक प्रसव हुए हैं।

## विधायक की पहल पर नगर पालिका में दो करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 4 जुलाई।** नगर पालिका में विभिन्न निर्माण कार्य से संबंधित 15वें वित्त आयोग की विगत एक वर्ष से लंबित कार्य योजना की स्वीकृति मिलने पर विधायक इन्द्र साव ने नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। विधायक इन्द्र साव ने बताया कि नगरीय निकाय मंत्री जी से विगत



एक सप्ताह पूर्व उक्त समस्या के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर एक वर्ष से लंबित दो करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। इस राशि से नगर विभिन्न वार्डों में विकास कार्य को गति मिलेगी।

## जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए ठोस उपाय सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**बालोद, 4 जुलाई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु के मद्देनजर जिले में डायरिया एवं अन्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में डायरिया उन्मूलन एवं सिकलसेल की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुधवार 26 जून से प्रारंभ हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली एवं इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में डायरिया की रोकथाम की प्रभावी उपाय सुनिश्चित हो सके।

## शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 30 जून को थाना सिटी कोतवाली से प्रआर संतराम बंजारे, आर मोहन जांगडे, देव निराला, मेघनाथ साहू, मंजू वर्मा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी संतोष कुमार उम्र 56 साल निवासी ग्राम लटुवा थाना सिटी कोतवाली से कुल 06 लीटर शराब जुमला किमती 1200 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 424/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## लूटपाट करने वाले एक अपचारी बालक सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** मामले का संक्षिप्त विवरण कि प्रार्थी केशव राम पता पुरानी बस्ती शिव चौक बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30/06/2024 को ग्राम सोनपुरी से सामान डिलवरी कर बलौदाबाजार की ओर आ रहा था दिन करीब 04 बजे सोनपुरी रोड पुराना शराब भट्ठी के पास पहुंचकर इंदिरा कालोनी मे पार्सल देने के लिये रूककर फोन लगाने लगा, उसी दौरान एक काला रंग का बजाज प्लेटिना-100 मोटर सायकल मे तीन लडके (व्यक्ति) आये और मेरे पास रूक गए। तीनो आरोपियों द्वारा मेरे बैग मे रखे पार्सल एवं छोटे बैग मे रखे पैसा को लूटने लगे। जब मैने विरोध किया तो तीनो ने मेरे सांथ हाथ मुक्का से मारपीट किया और मेरे पास रखे कुल ?4800 को लूटकर अपने मोटर सायकल मे वहां से भाग गये। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 425/2024 धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस टीम द्वारा प्रार्थी के बताए हुलिया अनुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए लूट की घटना में शामिल संदिग्ध आरोपियों का घरपकड़ प्रारंभ किया गया। जिसमें पंचशील नगर निवासी नंदू, भूषण एवं एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से मारपीट करते हुए लूटपाट की घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपी से लूट का पैसा ?1700 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल बिना नंबर बजाज सीटी 100 को जप्त किया गया है। कि प्रकरण में तीनों आरोपियों को आज दिनांक 01.07.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर अंजोर मांझी, समीर शुक्ला, आर अकरम खान एवं समस्त स्टाफका विशेष योगदान रहा




**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

✆ 91-7856-252240
91-7856-252475
ee.dantewada@nic.in

**निविदा संशोधन सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा विज्ञप्ति क्र. 02/जि.नि.स./लो.नि.वि./23-24 दन्तेवाड़ा, दिनांक 11/03/2024 को आमंत्रित किया गया था। परंतु लोकसभा चुनाव 2024 हेतु आचार संहिता लागू होने के कारण निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

| क्र. | विवरण | पूर्वानुसार | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1. | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि | 20-03-2024 | 08-07-2024 |
| 2. | कार्यालय में निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि | 27-03-2024 | 15-07-2024 |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि | 28-03-2024 | 16-07-2024 |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें यथावत रहेंगी।

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति शाखा
(का.अ.लो.नि.वि.)
दन्तेवाड़ा

जी-242500777/4


### जिला पुलिस ने किया नया कानून लागू होने के संबंध में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण कार्यक्रम का आयोजन

# बदलाव, नियमों, प्रक्रिया के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी

- ■ न्यायिक अधिकारियों, पुलिस स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों की उपस्थिति में जिले के समस्त थाना-चौकी में कार्यक्रम
- ■ नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत विभिन्न धाराओं में जिले के थाना सिमगा में दर्ज किया गया प्रथम अपराध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 जुलाई।** देश में पुराने तीन अपराधिक कानून 1 जुलाई से बदल जाएंगे, उनकी जगह नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। अब नए कानून के तहत ही प्रकरण दर्ज होंगे। भारत के नए कानून, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता, का उद्देश्य न्याय प्रणाली को और अधिक आधुनिक और प्रगतिशील बनाना है। पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, और इंडियन एविडेंस एक्ट को प्रतिस्थापित कर 03 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी और पारदर्शिता लाना है, जिससे हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके। नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया है, कि न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो। नये कानून के तहत त्वरित कार्यवाही से न केवल पीड़ित को समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि कानून और न्याय प्रणाली उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा तत्पर है।




जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस न्याय की दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नया कानून भारतीय समाज को एक न्यायपूर्ण, समान और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, तत्संबंध में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में भी पूरी तैयारी कर ली गई है। जिसके तहत आज दिनांक 01.07.2024 को जिले के समस्त थाना/चौकी एवं पुलिस सहायता केंद्र में न्यायिक अधिकारी, पुलिस स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों की उपस्थिति में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण, एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, पुलिस अधिकारियों द्वारा नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। नए कानूनों का उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है। भारतीय दंड संहिता में पूर्व में कुल 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं सम्मिलित की गई है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

**निविदा सूचना**

क्र./वाहन/न.नि./2024/79/67 — भिलाई, दिनांक 3/7/2024

आयुक्त, नगर पालिक, निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/अधिकृत संधारणकर्ता/स्थानीय संधारकर्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 03/07/2024
2. आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 24/07/2024 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 29/07/2024 सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 30/07/2024

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रूपये में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन क्र. CG07/N/0298 (जे.सी.बी.) का संधारण कार्य। | 1,45,800.00 | 2,000.00 | 300.00 | 15 दिन | फार्म-बी |

**नियम एवं शर्तेः-** (1) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से वाहन शाखा, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास कोसा नगर, भिलाई 490020 में स्वीकार किये जावेंगे। (3) धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं सबंधित एजेंसी/संधारणकर्ता के नाम से किसी शासकीय बैंक से जारी/जमा करना होगा तथा जी.एस.टी. प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना है एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा 'ख' में प्रस्तुत करना होगा। (4) सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। (5) समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। (6) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम/तिथि खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा। (7) न्यूनतम दरें आयटम दर में स्वीकार की जावेंगी। (8) अन्य नियम शर्तों एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

## एक नज़र

### पर्यावरण और ऊर्जा उत्कृष्टता के लिए वेदांता ने जीते पुरस्कार



**रायपुर, 4 जुलाई।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने लांजिगढ़ (जिलाः कालाहांडी) स्थित अपनी एल्यूमिना रिफाइनरी यूनिट के लिए प्रतिष्ठित कलिंगा एन्वायर्नमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड और कलिंगा एनर्जी एक्सीलेंस अवॉर्ड जीते हैं। ये पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफक्वालिटी एंड एन्वायर्नमेंट मैनेजमेंट (आईक्यूईएमएस) द्वारा ओडिशा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड तथा इंस्टीट्यूट ऑफपब्लिक एंटरप्राइज़, हैदराबाद के सहयोग प्रदान किए गए। वेदांता की लांजिगढ़ यूनिट भारत की प्रमुख स्मेल्टर-ग्रेड एल्यूमिना उत्पादक है। यहाँ पर अनेक पहलें की गई हैं, जो वेदांता एल्यूमिनियम के सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों का हिस्सा हैं, जैसे- 2050 तक नेट ज़ीरो कार्बन, 2030 तक नेट वॉटर पॉज़िटिविटी, प्रभावी कचरा प्रबंधन, जैव विविधता बहाली और सभी प्रचालनों में ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकी अपनाना। सस्टेनेबिलिटी के लिए कंपनी ने जो पहलें की हैं, उन्हें विश्व के प्रतिष्ठित मंचों पर सराहा गया है, जिनमें से एक है मूल्यांकन अवधि 2023 के लिए एस एंड पी कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असैसमेंट (सीएसए) रैंकिंग में वेदांता एल्यूमिनियम का पहला स्थान। इस उपलब्धि पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, हम सस्टेनेबल प्रचालन हेतु प्रतिबद्ध है।

### किसानों को फंगस की समस्या से मिलेगी निजात

**रायपुर, 4 जुलाई।** फल और सब्जी की खेती में किसानों को अक्सर एक समस्या का सामना करना पड़ता है, जो है फसलों में फंगस लग जाना। इससे फ़सल की गुणवत्ता खराब होती है और किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। किसानों को इस समस्या से राहत देने के लिए, प्रमुख कृषि विज्ञान कंपनी, एफएमसी इंडिया ने दो नए इनोवेटिव प्रोडक्ट्स- वेल्ज़ो0 और कोसुइट0 फंगीसाइड्स लॉन्च किए हैं। दोनों प्रोडक्ट्स के लॉन्च पर एफएमसी इंडिया के प्रेसिडेंट, रवि अन्नावरपु का कहना है कि हम किसानों की समस्या से परिचित हैं और उन्हें इससे राहत देने के उद्देश्य से ही हमने ये दोनों प्रोडक्ट्स लॉन्च किये हैं। किसानों की मदद के लिए हम अभिनव समाधान पेश करने में विश्वास करते हैं, जिससे किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने और एक स्वस्थ कृषि वातावरण स्थापित करने में मदद मिलती है। हमारे वेल्ज़ो और कोसुइट फंगीसाइड्स प्रोडक्ट्स इसके सार्थक उदाहरण हैं।

### लैदर डिजाइन के साथ रियलमी सी63 पेश

**रायपुर, 4 जुलाई।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5, 000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ में 50 से अधिक एमएसएमई सम्मानित

**रायपुर, 4 जुलाई।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने गतिशील और लचीले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक एमएसएमई ग्राहकों को सम्मानित किया। यह समारोह रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़आदि में एक्सिस बैंक की चुनिंदा शाखाओं में आयोजित किया गया। एक्सिस बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधि - सौरभ दत्ता, रीजनल ब्रांच बैंकिंग हेड - ईस्ट 2; पपीया घोश, लायबिलिटीज जियो ग्राफी हेड ङ्क कमर्शियल बैंकिंग कवरेज ग्रुप (सीबीजी); देबेन्द्र कुमार साहू, सर्कल हेड ङ्क रायपुर, ने एमएसएमई ग्राहकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके संबंधित क्षेत्रों और राज्य की आर्थिक वृद्धि में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इसके अतिरिक्त, कुछ एमएसएमई ग्राहकों को उनके व्यावसायिक परिसर में रिलेशनशिप मैनेजरों द्वारा सम्मानित किया गया।

### व्यापार शो का उद्घाटन

**रायपुर, 4 जुलाई।** एचजीएच इंडिया, होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और उपहारों के लिए एक सुस्थापित द्वि-वार्षिक व्यापार शो, ने आज अपना 15वां संस्करण शुरू किया, जिसका उद्घाटन एचजीएच इंडिया के प्रबंध निदेशक अरुण रूंगटा; एचजीएच इंडिया के निदेशक डॉ. गीर्ट बोएटगर; भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय में वस्त्र आयुक्त, आईएएंडएएस, रूप राशि ने किया। उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आईडी केतन शेठ, अध्यक्ष, आईआईआईडी, मुंबई; एआर. गौरीश चंदावरकर, निदेशक, आईईएस कॉलेज ऑफआर्किटेक्चर और एआर. चंद्रशेखर कनेतकर, प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, चंद्रशेखर डिजाइन इंक. घरेलू बाजार पर फिर से ध्यान केंद्रित करने के निरंतर उद्देश्य के साथ, यह 4 दिवसीय व्यापार मेला बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई में हो रहा है।

# कॉमन उद्योग नीति बनाने केंद्र की पहल

- छत्तीसगढ़ में स्टील, पॉवर व सीमेंट उद्योग को प्राथमिकता
- सिंगल विंडो सिस्टम से उद्योगपतियों को मिलेगा फायदा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 4 जुलाई।** राज्य में औद्योगिक निवेश करने वालों को अब उद्योग विभाग द्वारा सिंगल विंडो में 22 विभागों के काम कराने के लिए प्रयास किया जाएगा। पहले भी उद्योग विभाग में सिंगल विंडो सिस्टम था लेकिन इसमें सीमित विभाग थे।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में उद्योग लगाने के लिए राजस्व, जीएसटी, पंजीयन, सिंचाई सहित खनिज एवं अन्य विभाग से एनओसी लेना पड़ता था। राज्य शासन के उद्योग सचिव बनने के बाद अंकित आनंद ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नया सिस्टम लाया है जिसमें पिछले सरकार में जो विंडो सिस्टम था उसे बढ़ाकर 22 कर दिया गया है। इस सिंगल विंडो को पिछले दिनों लांच किया गया है। उद्योग विभाग इसके लिए उद्योगपतियों को जानकारी दे रहा है। छत्तीसगढ़ में स्टील, इलेक्ट्रॉनिक्स, पॉवर जैसे नए उद्योग आना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने आवेदन भी किया हुआ है। राज्य में सीमेंट उद्योग में एक औद्योगिक समूह का बोलबाला है। पॉवर सेक्टर में भी उसका कब्जा हो गया है। देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी और कुमार मंगलम छत्तीसगढ़ के सीमेंट उद्योग पर अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### केंद्र की औद्योगिक नीति में एकरूपता नहीं

देश में अलग-अलग राज्यों की उद्योग नीति में अपनी प्राथमिकता है। नई सरकार एक कॉमन उद्योग नीति बनाना चाहती है। इसको लेकर दिल्ली में बैठकें चल रही है। राज्य के उद्योग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमारे यहां स्टील, सीमेंट और कोयला आधारित उद्योग हैं। इसलिए हम कॉमन उद्योग नीति के विरोध में हैं। भारत देश में नई उद्योग नीति बनाने पर बहस चल रही है लेकिन राज्य के अधिकारियों का कहना है कि प्रत्येक राज्य की अपनी उद्योग नीति है इसलिए देश में कोई पृथक से उद्योग नीति बनाने से राज्यों को घाटा होगा। फिलहाल देश में नई उद्योग नीति बनाने के लिए रायशुमारी चल रही है। राज्य के अधिकारी केंद्र की नई नीति के विरोध में अपनी राय दे चुके हैं।

पुण्यतिथि पर नमन



**रायपुर, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में युग प्रवर्तक और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन किया। साय ने कहा है कि स्वामी ने भारतीय दर्शन और आध्यात्म से पूरी दुनिया का परिचय कराया और मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया।

# निशुल्क कैंसर जांच शिविर 6 को



**रायपुर, 4 जुलाई।** 6 जुलाई शनिवार सुबह 11 बजे से विशाल निशुल्क कैंसर जांच शिविर सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ और बाल्को कैंसर अस्पताल नया रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं में बढ़ते हुए कैंसर के जानलेवा मामलों को दृष्टिगत रखते हुए विशाल कैंसर जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें मेमोग्राफी, थर्मल स्कैनिंग, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइंटोलॉजी), स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण(पेप स्पीयर) एवं स्नहृष्ट जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्त्री -पुरुष सभी जांच शिविर का लाभ ले सकते हैं। शिविर में डॉ नुपुर प्रिया कैंसर रोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक (टाटा मेमोरियल अस्पताल) मुंबई द्वारा परामर्श दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्याम बिहारी जयसवाल व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को सादर आमंत्रित किया गया है। दोनों ही मंत्रियों द्वारा संस्था द्वारा आयोजित किए जा रहे जांच शिविर के लिए संस्था को शुभकामनाएं दी गई व नेक प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर स्मिता सिंह, पदमा घोष, डॉ अनुश्री पाठक, अपर्णा चांडक व गायत्री मिश्रा ने मंत्री को आमंत्रण पत्र व संस्था के सामाजिक कार्य से अवगत कराया। आप सभी इस जांच शिविर का लाभ उठाएं।

# रथयात्रा में शामिल होंगे राज्यपाल

**रायपुर, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजधानी में रथयात्रा की तैयारियां जोरों से चल रही है। गायत्री नगर में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा शुरू होने के पहले कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन भाग लेंगे। राजधानी में परंपरानुसार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 7 जुलाई को निकाली जाएगी। इसमें बहन सुभद्रा, भाई बलदाऊ के साथ महाप्रभु जगन्नाथ को रथ में घुमाकर उनकी मौसी के यहां रखा जाएगा। राजधानी के सदर बाजार, पुरानी बस्ती सहित अनेक उत्कल बस्तियों में भगवान जगन्नाथ के मंदिर हैं। यह पर्व अति उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के यहां एक सप्ताह विश्राम करने के बाद वापस मुख्य मंदिर में आ जाते हैं। राजधानी में रथयात्रा देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग आते हैं। यातायात प्रभावित होने के कारण पुलिस प्रशासन ने रथयात्रा का मार्ग अब बदल दिया है। ऐसी मान्यता है कि जिस दिन रथयात्रा निकलती है उस दिन अच्छी वर्षा होती है।

**गुप्त नवरात्रि 6 से:** वर्ष में दो बार गुप्त नवरात्रि होती है। आगामी 6 जुलाई से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत होगी। इसके लिए शहर के महामाया सहित अन्य देवी मंदिरों में पूजा-पाठ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। ज्ञात रहे वर्ष में कुंवार एवं चैत्र नवरात्रि के पश्चात गुप्त नवरात्रि भी मनाई जाती है जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं।

रैली



**रायपुर, 4 जुलाई।** शारदा चौक से तात्यापारा तक सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर आज महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रैली निकाली।

# एनएसयूआई ने लोहांडीगुड़ा के छात्र की हत्या के विरोध में फूंका सीएम और गृहमंत्री का पुतला

**रायपुर,4 जुलाई।** राजधानी में हुई लोहांडीगुड़ा के छात्र की हत्या के विरोध में आज एनएसयूआई ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बारिश में भीगते हुए अपना प्रदर्शन जारी रखा और प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन किया।

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद आदिवासी हैं लेकिन उनके राज में आज प्रदेश के आदिवासी बस्तर से लेकर राजधानी रायपुर में भी सुरक्षित नहीं है, बीजेपी सरकार की पिछले छह महीने की सरकार की नाकामी का नतीजा देखिए कि रायपुर अब हत्या पुर बन कर रह गया है। गृहमंत्री विजय शर्मा नक्सलियों से वीडियो कॉल करने की बात करते हैं लेकिन उनसे अपना गृह जिला नहीं संभल पा रहा है। पुरे प्रदेश में आज हत्या,लूट, चोरी, चैन स्नेचिंग का अड्डा बन गया है।

अमित शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की लचर कानून- व्यवस्था मुख्यमंत्री की अकर्मण्यता तथा अनुभवहीन गृहमंत्री के क्रियाकलाप से आये-दिन राजधानी सहित प्रदेश में अपहरण, हत्या व मॉब-लिंचिंग जैसी गंभीर घटनाये घट रही है। बस्तर के लोहंडीगुड़ा निवासी 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया को राजधानी रायपुर के कुछ आपराधिक तत्व के लोगों द्वारा सरेआम अपहरण कर पीट-पीट कर मार डाला गया। अपराधियों में पुलिस क़ानून का ख़ौफ़ साय सरकार में बढ़ गया है।

विरोध प्रदर्शन पुतला दहन कार्यक्रम में नगर निगम सभापति प्रमोद दूबे, छाया वर्मा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दूबे, संगठन प्रभारी हेमंत पाल, ज़िला अध्यक्ष शान्तनु झा, मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, निखिल बघेल, वैभव मूँजेवार, अंकित शर्मा, सूरज साहू, तारीक ख़ान, विशाल कुकरेजा, मोनू तिवारी, अनुज शुक्ला, रजत ठाकुर, केतन वर्मा, दिव्यांश श्रीवास्तव, क्रिश साहरे अन्य छात्र उपस्थित थे।



# भारतीय जनता पार्टी के लोग हिंसक : विकास

**रायपुर, 4 जुलाई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि लोकसभा सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान की भारतीय जनता पार्टी के लोग हिंसा करते हैं यह सच सब साबित हो गया हैं कल जिस प्रकार गुजरात और उड़ीसा कांग्रेस कार्यालय पर हुआ कायरता पूर्ण हिंसक हमला भाजपा के बारे में बोली गई बातो को और पुख्ता करता है। हिंसा और नफ़रत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते है। गुजरात और उड़ीसा सहित पूरे भारत देश की जनता उनके झूठ को साफ देख सकती है और आने वाले दिनों में भाजपा को सबक सिखाएगी। आने वाले दिनों में जो विधानसभा सहित अन्य कोई भी चुनाव होंगे उसमें इंडिया गठबंधन गुजरात और उड़ीसा सहित देश में जीतने वाला है विकास उपाध्याय ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा सदन में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के लोगों को हिंसक बताया गया और उस बयान को तोड़ मरोड़ कर भारतीय जनता पार्टी के लोग गंदी राजनीति कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई छिपती नहीं है ज्यादा दिनों तक और दूसरे ही दिन गुजरात और उड़ीसा सहित पूरे भारत देश के लोगों ने देखा की किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने हिंसक रूप अपनाते हुए कांग्रेस कार्यालय मैं तोड़फोड़ की एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के ऊपर पत्थर बाजी किया इससे साफजाहिर होता है भारतीय जनता पार्टी हिंसा के जरिए ही राजनीति करना चाहती है और हिंसा के रास्ते से ही सत्ता पर काबिज होना चाहती है।

# केंद्रीय जीएसटी ने किया पारवानी का सम्मान



**रायपुर, 4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय जीएसटी ने जीएसटी दिवसपर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष व कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी का सम्मान किया।

सीजीएसटी आयुक्त मोहम्मद अबु समा ने कर अनुपालन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए चेंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सीजीएसटी आयुक्त ने कहा कि प्रदेश के जीएसटी संग्रहण में चेंबर का योगदान अतुलनीय है। जीएसटी संग्रहण के साथ ही जीएसटी नियमों के बारे में व्यापारिक संगठनों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीजीएसटी कार्यालय रायपुर का रेवेन्यू कलेक्शन भी अब लगभग 1292 करोड़ हो गया है। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, उपाध्यक्ष-टी.श्रीनिवास रेड्डी, भरत जैन, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, दिलीप इसरानी, चेम्बर टेक्नीकल टीम के सदस्य सी.ए.मुकेश मोटवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मैकाले की क्लर्क बनाने वाली शिक्षा पद्धति को करना है समाप्त : प्रो. भार्गव

**रायपुर, 4 जुलाई।** विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय मे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुगम क्रियान्वयन और संवेदीकरण विषय के अंतर्गत कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता प्रो. समीर भार्गव (विभाग अध्यक्ष महाराजा मानसिंह महाविद्यालय ग्वालियर) ने मध्य प्रदेश में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य मैकाले की क्लर्क बनाने वाली शिक्षा पद्धति को पूर्णता समाप्त करना है।




राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को पूर्णता स्वावलंबी बनाने के लिए कौशल विकास पर जोर दिया गया है। यह भारत सरकार का बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट है। उन्होंने बताया कोरोना काल में भी हिम्मत करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस वर्ष 3 वर्ष की डिग्री पूरा करके पहले बैच का परिणाम आ चुका है।

प्रो. समीर भार्गव ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए प्राध्यापकों को परिवर्तन के लिए तैयार होना होगा और इसके हिसाब से अपनी तैयारी करनी होगी। उसके बाद ही विद्यार्थियों का मार्गदर्शन संभव हो सकता है। इस अवसर पर डॉ. गिरीशकांत पांडेय (पूर्व कुल सचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2050 तक के लिए लागू किया गया है तथा इसका विश्लेषण 2040 के बाद ही किया जा सकता है। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को तैयार करने की पूर्णता जिम्मेदारी शिक्षकों की है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान सत्र से छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर महाविद्यालय के शिक्षकों से चर्चा करके शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को अनुकूल बनाना उपरोक्त व्याख्यान माला का उद्देश्य है। क्योंकि मध्य प्रदेश भारत का पहला राज्य है जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सर्वप्रथम लागू किया गया। अतः वहां के वरिष्ठ प्रोफेसर समीर भार्गव का अनुभव निश्चित ही हमारे लिए लाभदायक होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में आने वाले व्यावहारिक समस्याओं को ज्यादा अच्छे से हम उनके द्वारा समझ सकते हैं। इस अवसर पर विप्र कॉलेज समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहें।

द्वितीय पुण्यतिथि



स्व.श्री चंद्रभान जी जैन
तुम न जाने किस जहां में खो गए
हम भरी दुनिया में तन्हा हो गए।।

द्वितीय पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

श्रद्धावनत्
रूपकुमार जैन, आकाश जैन, आलोक जैन
प्रदीप जैन, राहुल जैन, राजेश

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26